• जयपुर, बुधवार 16 सितंबर 26 • वर्ष 15 • अंक 317 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

# यूसीसी को लेकर एनडीए में मतभेद?

## शिवसेना और टीडीपी का समर्थन, जेडीयू और एलजेपी ने मांगा व्यापक परामर्श

**नई दिल्ली/एजेंसी।**




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित सभी 21 राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू करने के बयान के बाद गठबंधन में इस मुद्दे पर मतभेद सामने आने लगे हैं। एनडीए की कुछ सहयोगी पार्टियों ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है, जबकि कुछ दल अंतिम निर्णय से पहले व्यापक विचार-विमर्श और सभी हितधारकों से सलाह लेने की मांग कर रहे हैं।

तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी), शिवसेना और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (धर्मनिरपेक्ष) ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है। वहीं, जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने इस मुद्दे पर सतर्क रुख अपनाया है। जेडीयू ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय स्तर पर समान नागरिक संहिता का समर्थन करने का अर्थ यह नहीं है कि पार्टी इसे बिहार में लागू करने का समर्थन करेगी।

जेडीयू नेता श्याम रजक ने कहा कि पार्टी विधेयक का समर्थन करती है, लेकिन इसे बिहार में लागू नहीं होने देगी।

उन्होंने कहा कि जब यह विधेयक संसद में आया था, तब पार्टी के नेता नीतीश कुमार ने स्पष्ट किया था कि वह विधेयक का समर्थन करते हैं, लेकिन इसे अपने राज्य में लागू नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी आज भी अपने इसी रुख पर कायम है।

जेडीयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने बताया कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा जल्द ही इस विषय पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बातचीत करेंगे। जेडीयू समान नागरिक संहिता लागू करने से पहले व्यापक परामर्श की मांग कर रही है।

भाजपा की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने भी समान नागरिक संहिता को लेकर सतर्क रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी को अंतिम रुख तय करने से पहले भारत की विविधता को ध्यान में रखना होगा।

चिराग पासवान ने कहा कि उनकी पार्टी समानता और विविधता, दोनों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने मांग की कि समान नागरिक संहिता का मसौदा सार्वजनिक किया जाए, सभी हितधारकों के हितों का आकलन हो और इस पर व्यापक चर्चा की जाए। समीक्षा की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पार्टी अपना रुख स्पष्ट करेगी।

तेलुगु देशम पार्टी ने समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है, लेकिन साथ ही विभिन्न हितधारकों से परामर्श की आवश्यकता पर भी जोर दिया है। टीडीपी संसदीय दल के नेता लावु श्री कृष्ण देवरायलु ने कहा कि उनकी पार्टी इसका समर्थन करेगी। हालांकि, उन्होंने बताया कि फिलहाल इस विषय पर पार्टी में कोई चर्चा नहीं हुई है।

उन्होंने कहा कि जब भी इस मुद्दे पर विचार की आवश्यकता महसूस होगी, पार्टी इस पर चर्चा करेगी। समान नागरिक संहिता को अपनाने से पहले विभिन्न हितधारकों को निश्चित रूप से चर्चा में शामिल किया जाएगा। हालांकि, टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू अतीत में समान नागरिक संहिता का विरोध करते रहे हैं।

शिवसेना नेता श्रीकांत शिंदे ने समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा कि यह समानता, न्याय और राष्ट्रीय एकता के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता उनके दल के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की दीर्घकालिक विचारधारा का भी हिस्सा रही है।

श्रीकांत शिंदे ने कहा कि वैचारिक सहयोगी के रूप में भारत की जनता से किए गए वादों को पूरा करने में सरकार के साथ मजबूती से खड़ा रहना पार्टी का कर्तव्य है।

हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (धर्मनिरपेक्ष) के अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन ने भी समान नागरिक संहिता का समर्थन किया है। इस तरह एनडीए में जहां कुछ सहयोगी दल सरकार के प्रस्ताव के साथ खड़े दिखाई दे रहे हैं, वहीं जेडीयू और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) जैसे दल अंतिम निर्णय से पहले व्यापक परामर्श और राज्य स्तर पर इसके प्रभावों पर विचार करने की जरूरत जता रहे हैं।

**न्यूज़ अपडेट**

## राजौरी में आतंकी नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन ओडीडब्ल्यू गिरफ्तार; आईईडी बरामद

**राजौरी/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने राजौरी में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े ओवर ग्राउंड वर्कर नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी आतंकवादियों को लॉजिस्टिकल सपोर्ट देने, उनकी सुरक्षित आवाजाही में मदद करने और जमीनी स्तर पर अन्य सहायता उपलब्ध कराने में कथित तौर पर शामिल थे।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जाकिर हुसैन पुत्र गुलाम हुसैन निवासी कोटचरवाल टेरियाथ, राजौरी, मोहम्मद आजम पुत्र अली बहादुर निवासी कोटचरवाल टेरियाथ, राजौरी और मोहम्मद मुश्ताक पुत्र मोहम्मद इकबाल निवासी उधान, राजौरी के रूप में हुई है। तीनों आरोपी राजौरी जिले के रहने वाले हैं।

पुलिस ने पीर पंजाल इलाके में सक्रिय एक आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान इन आरोपियों को गिरफ्तार किया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी कथित तौर पर आतंकवादियों को लॉजिस्टिकल सहायता, सुरक्षित ठिकाने और आवाजाही में मदद मुहैया कराते थे।

जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी कथित तौर पर गाइड के रूप में काम करते थे और आतंकवादियों को पीर पंजाल क्षेत्र से कश्मीर घाटी की ओर जाने में मदद करते थे। पुलिस को संदेह है कि उन्होंने नागरिकों पर हमलों समेत कई बड़े आतंकी हमलों में शामिल आतंकवादियों को जमीनी स्तर पर सहायता उपलब्ध कराई थी।

## दिल्ली के कई स्कूलों को मिली बम की धमकी, पुलिस और बम स्क्वॉड ने संभाला मोर्चा

**नई दिल्ली/एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के कई प्रमुख स्कूलों को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी वाले ईमेल मिले हैं. धमकी की सूचना मिलते ही संबंधित स्कूल प्रशासन ने पुलिस को जानकारी दी. इसके साथ ही एहतियात के तौर पर विद्यार्थियों तथा स्टाफ को परिसर से बाहर निकाला गया. वहीं, दिल्ली पुलिस ने कई स्कूलों को धमकी वाले ई-मेल मिलने की पुष्टि की है. फिलहाल पुलिस मामले में विस्तृत जानकारी जुटा रही है. शुरुआती जांच में अभी तक किसी स्कूल परिसर से संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक मिलने की पुष्टि नहीं हुई है. जानकारी के अनुसार, द ब्रिटिश स्कूल, संस्कृति स्कूल और सरदार पटेल विद्यालय समेत कई स्कूलों को धमकी वाले ई-मेल मिले. इन स्कूलों की ओर से पुलिस को करीब सुबह 10:30 से 10:45 बजे के बीच सूचना दिए जाने की जानकारी सामने आई है. इसके बाद स्थानीय पुलिस के साथ बम डिटेक्शन एवं डिस्पोजल टीम, डॉग स्क्वॉड व दिल्ली फायर सर्विस के कर्मियों को संबंधित स्थानों पर भेजा गया. सुरक्षा एजेंसियों ने स्कूल परिसरों को खाली कराकर अलग-अलग हिस्सों में तलाशी अभियान शुरू किया.

धमकी की सूचना को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने स्कूलों में एंटी-सबोटाज जांच शुरू की. बम निरोधक दस्ते ने परिसर के संवेदनशील स्थानों की जांच की, जबकि प्रशिक्षित डॉग स्क्वॉड की मदद से भी संदिग्ध वस्तुओं की तलाश की गई है. दिल्ली फायर सर्विस की टीमें भी मौके पर पहुंचीं.

# केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में किशाऊ बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना पर एमओयू

**ऐतिहासिक समझौते से पेयजल, सिंचाई सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए मिलेगा पर्याप्त जल**

● **राजस्थान सहित 6 राज्यों ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर**

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दशकों से अटकी परियोजनाओं का हो रहा समाधानः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**चमकता राजस्थान**




नई दिल्ली/जयपुर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मंगलवार को नई दिल्ली में किशाऊ बहुउद्देशीय बांध परियोजना के लिए एमओयू हुआ। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमालच प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्रियों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस समझौते को राज्यों के बीच आपसी सहयोग की मिसाल बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ''सबका साथ-सबका विकास-सबका प्रयास-सबका विश्वास'' के विजन को तेजी से आगे बढ़ाया है। जिससे राज्यों की सहमति से दशकों से अटकी परियोजनाओं का समाधान हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान सौभाग्यशाली प्रदेश है जिसे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में यमुना जल समझौता, रामजल सेतु लिंक परियोजना, नर्मदा जल समझौता और किशाऊ बांध परियोजना जिसे बड़ी सौगातें मिली हैं। ये जल समझौते जल सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है और आने वाली पीढ़ियां इन्हें याद रखेगी। उन्होंने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना से राजस्थान सहित 6 राज्यों में सिंचाई, पेयजल सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए पर्याप्त जलापूर्ति हो सकेगी। इससे प्रदेशों का निरंतर विकास होगा।



बैठक में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित संबंधित राज्यों के मंत्रीगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी बोले-सरकार अमेरिका के आगे झुकी

**चुपचाप यूपीआई पर शुल्क लगाने का रास्ता खोला**

**नई दिल्ली/एजेंसी।**



यूपीआई के जरिए 2,000 रुपये से ज्यादा के भुगतान पर संभावित शुल्क लगाने को लेकर सियासत गरमा गई है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा सरकार ने चुपचाप यूपीआई पर शुल्क लगाने का रास्ता खोल दिया है। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार अमेरिका के आगे झुक रही है। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने भी कहा कि मोदी सरकार की लूट यूपीआई तक पहुंच गई है।

राहुल ने कहा, सरकार कहती है कि ग्राहक से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा, लेकिन दुकानदार पर लगने वाला शुल्क आखिर आएगा कहां से? कीमतों में जुड×कर ग्राहक की जेब से। अमेरिकी पेमेंट कंपनियां लंबे समय से भारत की शून्य-एमडीआर नीति का विरोध करती रही हैं। अब मोदी सरकार ने ठीक उसी दिशा में नीति बदलने का रास्ता खोल दिया है। अमेरिकी व्यापार समझौते की तरह ही प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर अमेरिकी दबाव के सामने आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

खड×गे ने कहा, गगनचुंबी महंगाई से आम आदमी की जेब पहले ही खाली है। थोक महंगाई 10 प्रतिशत के करीब है और भाजपा सरकार ने जनता पर डिजिटल पेमेंट टैक्स लगाकर बची-कुची बचत को भी तबाह करने की योजना बना दी है। वित्त मंत्री ने संसद में कहा था कि यूपीआई पर कोई शुल्क या कर नहीं लगेगा।

**खुलेंगे असीमित ऊर्जा के रास्ते**

# धरती पर अपना 'सूरज' बनाने में जुटा भारत

## गुजरात की लैब में वैज्ञानिकों को मिली बड़ी कामयाबी

**गांधीनगर/एजेंसी।**

सौर ऊर्जा और प्रकृति के सबसे शक्तिशाली रहस्य नाभिकीय संलयन (न्यूक्लियर फ्यूजन) को धरती पर साकार करने की दिशा में भारतीय वैज्ञानिकों ने एक मील का पत्थर हासिल किया है। गुजरात के गांधीनगर स्थित इंस्टीट्यूट फॉर प्लाज्मा रिसर्च के वैज्ञानिकों ने अपने महत्वाकांक्षी फ्यूजन प्रोजेक्ट में एक जटिल तकनीकी बाधा को पार करने में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों ने 'एसएसटी-1 टोकामाक' मशीन में 82.6 गीगाहट्र्ज का अत्याधुनिक 'जाइरोट्रॉन' सिस्टम सफलतापूर्वक चालू कर दिया है। यह उपकरण हाई-फ्रीक्वेंसी माइक्रोवेव तरंगों के जरिए अति-गर्म प्लाज्मा को लंबे समय तक बेहद ऊंचे तापमान पर स्थिर रखने में सक्षम है।



● **चीन को कड़ी टक्कर, भविष्य के लिए मिलेगी प्रदूषणमुक्त असीमित बिजली**

हाल ही में चीन द्वारा अपने कृत्रिम सूरज के लिए दुनिया का सबसे बड़ा सुपरकंडक्टिंग मैग्नेट बनाने की खबर आई थी, जिसके बाद भारत की यह उपलब्धि वैश्विक स्तर पर बेहद अहम मानी जा रही है। पारंपरिक परमाणु संयंत्रों के विपरीत, न्यूक्लियर फ्यूजन में रेडियोएक्टिव कचरा नगण्य होता है और इसके लिए धरती पर ईंधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।

● **सूरज के केंद्र से 20 गुना ज्यादा तापमान हासिल कर चुका है भारत**

नाभिकीय संलयन वही प्रक्रिया है जिससे सूरज और तारे लगातार चमकते हैं और असीमित ऊर्जा उत्पन्न करते हैं। भारतीय वैज्ञानिक अपने फ्यूजन प्रयोगों के दौरान पहले ही 200 मिलियन डिग्री सेल्सियस (20 करोड़ डिग्री) से अधिक का प्लाज्मा तापमान पैदा कर चुके हैं, जो सूरज के कोर की तुलना में लगभग 20 गुना अधिक गर्म है। हालांकि, इतने प्रचंड तापमान को पैदा करने से भी बड़ी चुनौती उसे सुरक्षित सीमित रखना और लंबे समय तक उस पर नियंत्रण बनाए रखना होता है। नया जाइरोट्रॉन सिस्टम इसी प्लाज्मा को स्थिर रखकर नियंत्रित ऊर्जा उत्पन्न करने का रास्ता साफ करेगा।

● **टोकामाक और मैग्नेटिक फील्डः दीवारों से प्लाज्मा को बचाना सबसे कठिन चुनौती**

ठोस, द्रव और गैस के बाद प्लाज्मा पदार्थ की चौथी अवस्था है, जिसमें अति-उच्च तापमान पर परमाणु अपने इलेक्ट्रॉन्स खोकर पूरी तरह आयोनाइज्ड (इलेक्ट्रिकली चार्ज्ड) हो जाते हैं। धरती पर इस स्थिति को संभालना इंजीनियरिंग का सबसे कठिन काम है, क्योंकि अगर यह धधकती हुई प्लाज्मा स्टेट रिएक्टर की दीवारों से टकरा जाए तो मशीनरी को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

# चर्चित आईएएस दिव्या मित्तल का इस्तीफा केंद्र ने किया मंजूर

**लखनऊ/एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश कैडर की तेजतर्रार और चर्चित आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल का इस्तीफा केंद्र सरकार ने औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है। अपनी सख्त कार्यशैली और प्रशासनिक फैसलों के लिए पहचानी जाने वाली 2013 बैच की आईएएस दिव्या मित्तल ने बीते 30 अगस्त को निजी कारणों, पारिवारिक जिम्मेदारियों और जिंदगी के एक नए उद्देश्य का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया था। इस्तीफा मंजूर होने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी साझा करते हुए राष्ट्रकवि जयशंकर प्रसाद के मशहूर नाटक 'चंद्रगुप्त' की प्रेरक पंक्ति लिखी- प्रशस्त पुण्य पंथ है, बढ़े चलो, बढ़े चलो।

● **वैष्णो देवी दर्शन के बाद लिया बड़ा फैसला, 17 साल की नौकरी थी बाकी**



इस्तीफा मंजूर होने की आधिकारिक सूचना मिलने से ठीक दो दिन पहले दिव्या मित्तल माता वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाने पहुंची थीं। वहां से अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा था, आगे की राह कठिन हैज् सद्बुद्धि देना मां। इस पोस्ट के बाद से ही प्रशासनिक गलियारों में उनके भावी कदम को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। दिव्या मित्तल करीब 13 वर्षों तक सरकारी सेवा में रहीं। उन्होंने ऐसे मोड़ पर प्रशासनिक सेवा को अलविदा कहा है, जब उनके सेवाकाल के लगभग 17 साल अभी बाकी थे।

● **आईआईटी-आईआईएम और लंदन की नौकरी छोड़ बनी थीं अफसर**

मूल रूप से हरियाणा के रेवाड़ी की रहने वाली दिव्या मित्तल की शैक्षणिक पृष्ठभूमि बेहद शानदार रही है। उन्होंने आईआईटी दिल्ली से बीटेक और आईआईएम बेंगलुरु से एमबीए करने के बाद लंदन में लाखों के पैकेज वाली कॉरपोरेट नौकरी की थी। देश सेवा के जज्बे के साथ वह भारत लौटीं और पहले ही प्रयास में यूपीएससी पास कर गुजरात कैडर में आईपीएस बनीं।

## संपादकीय

# प्राकृतिक तकाजों को नजरअंदाज

नेपाल की त्रासदी का संदेश है कि प्राकृतिक तकाजों को नजरअंदाज करने का समय बीत चुका है। विकास के नाम पर पर्यावरणीय सुरक्षा की बलि देना जारी रहा, तो ऐसी घटनाओं से बचना संभव नहीं रह जाएगा।

ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण ग्लेशियर पिघल रहे हैं, यह चर्चा दशकों पुरानी हो चुकी है। इसके क्या घातक परिणाम होंगे, इसको लेकर वैज्ञानिक चेतावनियां भी आम चर्चा में रही हैं। कई दिन की जांच–पड़ताल के बाद अब यह साफ है कि नेपाल में 26 अगस्त को जो हुआ, वह उन चेतावनियों का ही साकार रूप लेना था। इसीलिए उस रोज हुई ग्लेशियर टूटने की घटना को महज प्राकृतिक आपदा के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। स्पष्टतः यह हिमालय के पारिस्थितिकी तंत्र पर जलवायु परिवर्तन के हुए प्रभाव का परिणाम है। इसलिए यह एक गंभीर चेतावनी है। इसे ध्यान में रखना चाहिए कि ग्लेशियल झील के फटने से आने वाली बाढ़ जैसी त्रासदियां अनहोनी का हो जाना भर नहीं हैं। बल्कि ये इनसान की अ–दूरदर्शिता का सीधा परिणाम हैं।

26 अगस्त को नेपाल–चीन सीमा के पास लांगटांग लिरुंग क्षेत्र में एक विशाल ग्लेशियर अचानक खिसक गया। यह घटना लगभग 5,200 मीटर की ऊंचाई पर हुई। ग्लेशियर टूट कर लगभग 1,200 मीटर नीचे स्थित घाटी में गिरा। उसके प्रभाव से तीव्र घर्षण पैदा हुआ और अत्यधिक बर्फ पिघलकर गारे और चट्टानों के साथ बह निकली। यह घटना बताती है कि उच्च हिमालयी क्षेत्रों में हर पल मॉनिटरिंग और उपग्रह आधारित निगरानी की कितनी कमी है। समय पर हिमनद झील के बढ़ते जलस्तर का आकलन कर निचले इलाकों के लिए चेतावनी जारी कर दी जाती, तो जान–माल के नुकसान को सीमित किया जा सकता था। यह भी गौरतलब है कि हिमालय जैसे पारिस्थिकीय नजरिए से नाजुक क्षेत्र में बिना ठोस पर्यावरणीय प्रभाव का मूल्यांकन किए पनबिजली परियोजनाओं, सड×कों, और सुरंगों का अंधाधुंध निर्माण किया जा रहा है। इससे ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने का जोखिम कई गुना बढ़ा है।

उधर बढ़ते वैश्विक तापमान के कारण हिमनद तेजी से पिघलकर खतरनाक झीलों का रूप ले रहे हैं। कुल मिलाकर इस त्रासदी का संदेश है कि प्रकृति के तकाजों को नजरअंदाज करने का समय बीत चुका है। विकास के नाम पर पर्यावरणीय सुरक्षा की बलि देना और जलवायु परिवर्तन संबंधी चेतावनियों को नजरअंदाज करना जारी रहा, तो ऐसी घटनाओं से बचना अब संभव नहीं रह गया है।

# देसी राज की शिक्षा ने मतिहीन नेता बनाए

● **शंकर शरण**

हिन्दू ग्रंथों की निन्दा करने वाले उसे शायद ही पढ़ते हैं। मनुस्मृति के राज्य-शासन संबंधी तीनों अध्याय गंभीर ज्ञान-भंडार हैं। अधिकांश आज भी मूल्यवान। तब सोचें, तीन हजार वर्ष पहले इतना गहन चिंतन विश्व में कहाँ था! तब यहाँ ऐसे शास्त्र रचे गए, जिन की बातें आज भी चमत्कृत करती है। ज निंदक लोग केवल सुनी-सुनाई पर चलते हैं कि उस में 'शूद्रों या स्त्रियों के बारे में कुछ आपत्तिजनक है।' वस्तुतः मनुस्मृति में वैसा भी कुछ नहीं है।.. स्वामी दयानन्द सरस्वती ने मनुस्मृति को अपने समाज-सुधार का आधार बनाया था। यदि मनुस्मृति जातिवादी या स्त्री-विरोधी होती, तो वे संपूर्ण भारत में इतना बड़ा आधुनिक, व्यापक प्रभावशाली सुधार आंदोलन चलाने में कैसे सफल हुए होते?

प्रायः लगता है, कि अंग्रेजों ने इस देश को अधिक सहानुभूति से समझा था। लोगों की ही नहीं, अपितु यहाँ के ज्ञान, इतिहास, विरासत, धर्म और संस्कृति के प्रति भी सच्ची देख-भाल की प्रवृत्ति उन में थी। यह बात एकबारगी विचित्र लगे, किंतु ठोस पैमानों पर – सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं व्यवहारिक – परखने से सोचने पर विवश होना पड़ेगा।

शिक्षा का उदाहरण लें। अंग्रेजों ने यहाँ अपने बनाए स्कूलों, कॉलेजों में यूरोप के सर्वश्रेष्ठ ज्ञान से भारतीय बच्चों, युवाओं को शिक्षित किया। साहित्य और दर्शन में महान भारतीय रचनाओं को भी वही स्थान दिया। यह पुराने पुस्तकालयों में रखी उस जमाने की पाठ्य सामग्रियों तथा उस युगीन हमारे विद्वानों के लेखन के माध्यम से भी जाना जा सकता है।

पर देशी राज की शिक्षा ने क्या किया? इस ने जल्द ही शिक्षा का राजनीतिकरण, मतवादीकरण कर दिया!

पूरे ब्रिटिश राज में शायद ही स्कूलों में कभी ब्रिटिश सम्राटों या वायसरायों की विरुदावली



रटाने, फैलाने का काम हुआ। देशी राज में अपने चालू नेताओं को दैवी, ज्ञानी, चिंतक, विश्वनेता, आदि बताना नीचे से ऊपर सभी कक्षाओं में एक सामान्य तत्व बन गया। यह प्रवृत्ति शिक्षा के विरुद्ध कुशिक्षा को प्रश्रय देना था। अनजाने होने से उस की हानि कम नहीं हुई! बल्कि फिर उस का प्रतिफलन, विस्तार, आदि अन्य क्षेत्रों में भी होना ही था।

जैसे, शिक्षा में सच्चे सिद्धांत पढ़ने के बजाए वैसे मतवादों, विचार पढ़ाना जो उन नेताओं को पसंद थे। या जो उन की अपनी झक थी। तदनुसार, विद्वानों के बदले उन भक्तों और रट्टू तोतों को आचार्य, अध्यापक, संचालक बनाना जो उन मतवादों का प्रचार करें। इसी तरह, फिर शोध के नाम पर उन्हीं बातो, आग्रहों, दुराग्रहों की पुष्टि कराने वाले विचार को शोध-विषय बनाकर शुद्ध प्रोपेगंडा को शोध, ज्ञान, शिक्षा, और उच्च-शिक्षा का नाम दे देना।

उक्त सभी प्रवृत्तियों को आज विकराल व दयनीय रूप में चारो तरफ देख सकते हैं। बीमारी इतनी व्यापक हो चुकी, कि बीमारी नहीं लगती! मानो जहाँ सभी अंधे हों, वहाँ अंधकार और प्रकाश में नामालूम अंतर रहता है। सो, सचमुच ज्ञान की बातें, ज्ञान पुस्तकें, और सच्चे शिक्षक आज के शैक्षिक बौद्धिक वातावरण में नक्कू हैं। उन के लिए कहीं स्थान नहीं। यह भी सरसरी अवलोकन से देखा जा सकता है।

वर्तमान मुहावरे में कहें, तो 'जेनरल कैटेगरी' के प्रतिभाशाली विद्यार्थी या अध्यापक विदेशों में जगह ढूँढने के लिए अभिशप्त हैं। देश में उन के लिए कोई चिन्ता करने वाला नहीं! इस प्रकार, देसी राज को ज्ञान, प्रतिभा, योग्यता, कुशलता तथा इस से होने वाले लाभ, और इन की अनुपस्थिति में होने वाली हानि – दोनों में से किसी का बोध तक नही है!

तुलना कीजिए, ब्रिटिश राज की तमाम छात्रवृत्तियों, सम्मानों, प्रोत्साहनों, और पदवियों से। कहीं भी उस में लेशमात्र भी मिलावट, प्रोपेगंडा, भेद-भाव, मिथ्याचार, या दिखावे का संकेत नहीं मिलेगा! इस का प्रत्यक्ष प्रमाण यह भी है कि किसी कट्टर से कट्टर राष्ट्रवादी भारतीय ने अंग्रेज शासकों, प्रशासकों, अधिकारियों पर सामान्य पक्षपात या भ्रष्टाचार का आरोप कभी नहीं लगाया। उन का नियमित कामकाज इतनी पारदर्शिता और गुणवत्ता से चलता था।

# राजीव से राहुल तक का सफर भी कम गौरतलब नहीं

● **हरिशंकर व्यास**

ढेरों प्रमाण हैं। तारीखों और घटनाओं का वह अंतहीन सिलसिला है जिससे मेरा निष्कर्ष है कि भारत के कम्युनिस्टों ने न केवल देश का समय बिगाड़ा। खुद के अवसर भी गंवाए। लेफ्ट के खाते में राजनीतिक बरबादियां लगातार दर्ज कराईं। बावजूद इसके मेरे मन में कम्युनिस्ट नेताओं के चाल, चेहरे और चरित्र की कसौटी में सम्मान है। खासकर आज सत्ता में संघ-भाजपाइयों के चाल, चेहरे और चरित्र को देखते हुए तो और भी अधिक। उस नाते ई. एम. एस. नंबूदरीपाद, ज्योति बसु, इंद्रजीत गुप्त से माणिक सरकार, पिनराई विजयन और वाम संगठनों के प्रकाश करात, सीताराम येचुरी, दीपांकर भट्टाचार्य तक–इन लोगों की निजी सादगी, सहजता और वैचारिक प्रतिबद्धता का जितना सम्मान किया जाए, कम है।

**कांग्रेस (राहुल) की दीमक है लेफ्ट-2**

मगर व्यक्ति की ईमानदारी से विचार और उसके परिणाम सही साबित नहीं होते।

भारतीय कम्युनिस्टों का विरोधाभास यही है। निजी जीवन में जितने सादे और प्रतिबद्ध, भारत को पढ़ने में उतनी ही बार गड़बड़। स्वतंत्रता के बाद कम्युनिस्टों ने आजादी को अधूरा माना। कांग्रेस को बुर्जुआ सत्ता कहा। नेहरू को कभी वर्ग-शत्रु की राजनीति में पढ़ा और कभी उन्हीं के आसपास घेरेबंदी से उन पर वैचारिक प्रभाव बनाया। नेहरू के आखिरी सालों में कृष्ण मेनन और चीन से भारत की हार का ठीकरा भी फूटा। चीन के सवाल पर ही कम्युनिस्ट विभाजित हुए। दो पार्टियां बनीं। इंदिरा गांधी के दौर में सीपीआई उनके साथ थी। उसका आपातकाल को समर्थन रहा। फिर जनता पार्टी, वी. पी. सिंह, संयुक्त मोर्चा और यूपीए–दिल्ली में सत्ता के गठजोड़ बने तब भी वामपंथी चेहरों, पार्टियों का सरकारों, राष्ट्रीय नैरेटिव और मीडिया में हल्ला रहा।

लेकिन एक बात, एक वास्तविकता हमेशा कायम रही। केंद्र सरकार की सत्ता के आसपास विचार, बौद्धिकता और विमर्श की दुनिया में वाम की हैसियत उसकी असल जन हैसियत, पाए गए लेफ्ट वोटों से अक्सर कई गुना बड़ी रही।

सोचें, कृष्ण मेनन के प्रभाव और 1962 के अनुभव यानी लेफ्ट से नेहरू ने क्या पाया? कांग्रेस के 1969 के विभाजन के बाद वाम



समर्थन और वाम-प्रगतिशील बौद्धिक प्रभाव की ओर बढ़ीं इंदिरा गांधी अंततः कहां पहुंचीं? बैंक राष्ट्रीयकरण, प्रिवी पर्स, गरीबी हटाओ, सरकारी उद्योगों-उद्यमों, लाइसेंस-कोटा से कांग्रेस और भारत ने क्या पाया?

लगातार फैलते सरकारी दायरे में उलटे कांग्रेस अपनी पुरानी मध्यमार्गी अर्थनीति से लेफ्ट की ओर खिसकती गई। तात्कालिक फायदे की राजनीति में भले इंदिरा को गरीबों की मसीहा की इमेज मिली। कांग्रेस का नया सामाजिक आधार बना। मगर उसी के साथ सरकार अर्थव्यवस्था और नागरिक जीवन की सर्वशक्तिमान माई-बाप बनती गई।

ऐसे ही इंदिरा गांधी के समय विश्वविद्यालयों, इतिहास, संस्कृति, अकादमिक संस्थानों, मीडिया और दिल्ली के नीति-विमर्श में लेफ्ट का नया प्रगतिशील प्रतिष्ठान बना। सही है, उसमें बैठे सभी लोग कम्युनिस्ट नहीं थे। लेकिन आधुनिक, वैज्ञानिक और प्रगतिशील कहलाने की खास भाषा जरूर सभी चेहरों-मठाधीशों–शिक्षा मंत्री, उपकुलपतियों, कला-साहित्य-संस्कृति आदि क्षेत्रों में–की थी।

उस भाषा, उस सोच में धर्म को सार्वजनिक जीवन में लेकर चलने वाला हिंदू आसानी से रूढ़िवादी करार दिया जाता। जबकि धार्मिक अल्पसंख्यक की सामुदायिक पहचान की रक्षा सेकुलर राज्य का दायित्व। जाति पर बात करना प्रगतिशीलता, वहीं सनातनी धर्म और सभ्यता पर बात करते हुए सफाई देती हुई झिझक।

इसलिए 'लेफ्ट' का अर्थ, उसके जुगालीबाजों का दायरा बहुत विस्तृत रहा है।

बात केवल सीपीआई, सीपीएम या सीपीआई-एमएल का पार्टी कार्ड रखने वालों की ही नहीं है। समाजवादी कम्युनिस्ट नहीं थे। लोहियावादी और मार्क्सवादी एक नहीं थे। आंबेडकरवादी भी कम्युनिस्ट नहीं। एनजीओ एक्टिविस्ट और अधिकारवादी नागरिक समाज को भी कम्युनिस्ट कहना गलत होगा। इन सबके आपसी झगड़े और वैचारिक फर्क गहरे हैं। लेकिन समय के साथ लुटियंस दिल्ली में इन धाराओं के मेल से एक व्यापक वाम-प्रगतिशील सत्ता-बौद्धिक मानस की दबंगी बनी। समाज को वर्ग, जाति, लिंग, अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक और उत्पीड×क-उत्पीड़ित के खांचों से देखने की प्रवृत्ति पूरे देश में पसरती गई। यही मेरे 'लेफ्ट' के आशय का व्यापक वैचारिक खमीर है।

मगर कमाल या त्रासदी देखिए। लेफ्ट का रौब, हल्ला जैसे-जैसे बढ़ा, वैसे-वैसे कम्युनिस्टों, वामपंथियों, समाजवादियों की चुनावी और वैचारिक हैसियत जीरो होती गई।

वोट में सिकुड़ते गए, लेकिन उनकी बनाई

## सू- दोकू क्र.161

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

## सू-दोकू क्र160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## शब्द सामर्थ्य -161

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़–खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंतःकरण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

## शब्द सामर्थ्य क्रमांक 160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

## आज का राशिफल

### मेष राशि

मेष राशि वालों आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको व्यापारिक लाभ कमाने का बेहतरीन अवसर प्राप्त होगा, आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज ऑफिस में थोड़ा ज्यादा काम रहेगा, जिसकी वजह से आपको शारीरिक थकान हो सकती हैं। आज आर्थिक मामलों में माता पिता का सहयोग मिलता रहेगा, जिससे आपके काम चलते रहेंगे। आज आपका कोई मित्र आपके घर दावत पर आ सकता है।

### वृषभ राशिः

वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक–ठाक रहने वाला है। आज आप कारोबार से जुड़े मामलों पर ध्यान देंगे और उसे आगे बढ़ाने में किसी की मदद लेंगे। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज इस राशि की महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है। दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। आज छात्र शिक्षक से किसी विषय को अधिक समझने के लिए एक्स्ट्रा क्लासेस ले सकते हैं। आज आप किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होंगे, आपको मानसिक शांति मिलेगी।

### मिथुन राशिः

मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, जिसमें कलीग का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। आज आप कंस्ट्रक्शन से जुड़े कार्यों में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह ले सकते हैं, जिससे आपका काम अच्छा और आसानी से हो जायेगा। आज आपको किसी परिजन की तरफ से खुशखबरी सुनने को मिल सकती है, जिससे घर का माहौल भी खुशनुमा बना रहेगा।

### कर्क राशिः

कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको रोजगार के तमाम बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे और आपकी आय के नए स्रोत भी बनेंगे, जिससे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित होगा। आज आपके मन में बिजनेस को लेकर नए और इफेक्टिव आडियाज आयेंगे। आज आपका मन रचनात्मक चीजों को करने में लगेगा, जिससे आपका मूड अच्छा रहेगा।

### सिंह राशिः

सिंह राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल बना रहेगा। आज आप अपने सहकर्मियों के साथ मित्रवत व्यवहार करें, तो आने वाले समय में वो आपका अच्छा लाभ करायेंगे। अगर आप अपने खर्चो पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो धीरे–धीरे आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आज आप किसी नए काम की शुरुआत करना चाह रहे हैं, तो दिन शुभ है आप कर सकते हैं आपको काम में सफलता मिलने के अच्छे योग बनते दिख रहे हैं। आज जीवनसाथी की मदद से आप किसी प्रोजेक्ट को पूरा करने में सफल रहेंगे।

### कन्या राशिः

कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप पेंडिंग वर्क निपटाने के लिए किसी करीबी की मदद ले सकते हैं। आज आप परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप कुछ समय मित्रों के साथ बितायेंगे और किसी दोस्त की बर्थडे पार्टी इंजॉय करेंगे। आज आप पैतृक सम्पति को लेकर अपने कजिन से बात कर सकते हैं, जिसमें वो आपको अच्छी सलाह देंगे। आज आपकी रुचि साहित्य को पढ़ने और लिखने में रहेगी, आपको किसी व्यक्ति के माध्यम से साहित्यिक पुस्तक भी प्राप्त होगी।

### तुला राशिः

तुला राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप अपने कारोबार में डबल मुनाफा कमायेंगे और परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सफल बनेंगे। आज आपको बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपके काम में उन्नति होगी और आपका मान सम्मान बढ़ेगा। आज आपके घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना बन रही है, आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

### वृश्चिक राशिः

वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव कर सकते हैं, जिसका जल्द ही आपको पॉजिटिव रिस्पांस मिलेगा। आज आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी। आज आपको किसी समस्या से छुटकारा मिलेगा, जिससे आपके दिल का बोझ कम होगा। आज परिवार में सुख शांति का माहौल बना रहेगा। आज इस राशि के लेखकों के मन में कोई स्टोरी लिखने का भी विचार आ सकता है, जिसे आने वाले समय में खूब पसंद किया जायेगा।

### धनु राशिः

धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप व्यापारिक लाभ कमाने के साथ–साथ अपने खर्चो के ऊपर भी ध्यान दें। आज आप कोई भी निर्णय लेने से पहले उस पर सोच विचार करें और घर के बड़ों से भी सलाह मशवरा कर सकते हैं। इस राशि के राजनीतिक क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। आज आपकी नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

### मकर राशिः

मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक रहने वाला है। आज आपकी योजनाओं को सही दिशा मिलेगी, जिससे वो अपने उद्देशय की तरफ आगे बढ़ेंगी। आज आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात होगी, जो काम में आपकी मदद करेंगे। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही रुकावटों से छुटकारा मिलेगा, जिससे आपको खुशी होगी।

### कुम्भ राशिः

कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप व्यावसायिक रिश्तों को मजबूत बनाने के लिए कुछ अहम फैसले करेंगे, जिससे आपका बिजनेस अच्छा चल सके। आज आप इन्वेस्टमेंट के मामलों में किसी आर्थिक सलाहकार की मदद ले सकते हैं। इस राशि के छात्र आज प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे जिसमें स्कूल प्रशासन आपकी पूरी हेल्प करेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी, बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

### मीन राशिः

मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आज ऑफिस में बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे और जूनियर भी आपसे कुछ सीखने का प्रयास करेंगे। इस राशि की महिलाओं के लिए आज का दिन खास है, आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पिटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा। आज आपका मन अध्यात्म की तरफ थोड़ा ज्यादा रहेगा, जिससे आपका मन शांत होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नव निर्वाचित पार्षदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ,कल होगा अध्यक्ष पद के लिए नामांकन



**चमकता राजस्थान** डग (कुन्दन व्यास)। नगरपालिका डग के नव निर्वाचित 20 वार्ड पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को नगरपालिका सभागार में आयोजित किया गया।रिटर्निंग अधिकारी ओमप्रकाश चंदेलिया के निर्देशन में तहसीलदार द्वारा सभी पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी ने सभी नव निर्वाचित पार्षदों को बधाई देते हुए निष्पक्ष और जनहित में कार्य करने की अपील की।उन्होंने कहा कि जनता ने आप पर भरोसा जताया है,इसलिए वार्डों के विकास को प्राथमिकता दें। समारोह में प्रशासनिक अधिकारी,कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।उल्लेखनीय है कि नव सृजित नगरपालिका डग के पहले चुनाव में कांग्रेस ने 20 में से 14 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है, जबकि भाजपा को 6 सीटों पर संतोष करना पड़ा।बहुमत के बाद अब कांग्रेस का बोर्ड बनना तय माना जा रहा है।प्रशासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए नामांकन कल बुधवार को होगा।डग नगरपालिका अध्यक्ष का पद अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित है। ऐसे में अध्यक्ष पद की दौड़ को लेकर चर्चाएं तेज हैं।कांग्रेस खेमे में अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र दावेदार के रूप में वार्ड से विजयी टीना नागर का नाम सामने आ रहा है। टीना नागर पूर्व में पंचायत समिति प्रतिनिधि भी रह चुकी है। 14 पार्षदों के समर्थन के चलते उनका अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है। वहीं उपाध्यक्ष पद को लेकर कस्बे में चर्चाओं का बाजार गर्म है।उपाध्यक्ष पद के लिए कई नामों पर मंथन चल रहा है,जिस पर अंतिम फैसला पार्टी आलाकमानऔर संगठन की सहमति के बाद होगा।

### चुनावी शोर के बीच चरमराई रायसिंहनगर की सफाई व्यवस्था, जगह-जगह कचरे के ढेर

- **नालियां कचरे से अटी, पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के सामने नाली ओवरफ्लो – स्वच्छ भारत अभियान के दावों पर उठे सवाल**



**चमकता राजस्थान** रायसिंहनगर( जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)। नगरपालिका चुनावों की हलचल के बीच शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर आमजन में नाराजगी सामने आ रही है। शहर के कई हिस्सों में जहां-तहां कचरे के ढेर नजर आ रहे हैं, वहीं नालियों में कचरा जमा होने से गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर फैलने की स्थिति बनी हुई है। रायसिंहनगर के पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय के सामने बनी नाली भी सफाई के अभाव में ओवरफ्लो होती नजर आ रही है। नाली में कचरा जमा होने से पानी की निकासी प्रभावित है। इससे विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों सहित आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित सफाई और नालियों की समय पर सफाई नहीं होने के कारण समस्या लगातार बढ़ रही है। कचरा जमा होने से दुर्गंध और गंदगी का माहौल बना हुआ है तथा मच्छरों के पनपने की आशंका भी बनी रहती है। एक ओर सरकार की ओर से 'स्वच्छ भारत अभियान' के तहत स्वच्छता को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर में जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था की स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। नगरपालिका प्रशासन से लोगों ने मांग की है कि शहर में विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरे के ढेर हटाए जाएं तथा बंद एवं ओवरफ्लो हो रही नालियों की तत्काल सफाई करवाई जाए, ताकि आमजन और विद्यार्थियों को राहत मिल सके।

### नगरसेवकों के रिश्तेदारों के कथित अनधिकृत हस्तक्षेप पर कार्रवाई की मांग

- **समाजसेवक अहद शेख ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन; ठाणे मनपा मुख्यालय, प्रभाग कार्यालयों और विकास कार्यों में दबाव व हस्तक्षेप रोकने के लिए स्पष्ट प्रशासनिक आदेश जारी करने की मांग**

**चमकता राजस्थान** अरविंद कोठारी/ठाणे। ठाणे महानगरपालिका के प्रशासनिक कामकाज में नगरसेवकों और नगरसेविकाओं के रिश्तेदारों द्वारा किए जाने वाले कथित अनधिकृत हस्तक्षेप पर रोक लगाने के लिए स्पष्ट प्रशासनिक आदेश जारी किए जाएं, ऐसी मांग समाजसेवक अहद शेख ने ठाणे महानगरपालिका आयुक्त से की है। महानगरपालिका मुख्यालय, प्रभाग कार्यालयों तथा विभिन्न विकास कार्यों के स्थलों पर कुछ नगरसेवकों और नगरसेविकाओं के रिश्तेदारों द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर दबाव डालने, नगरसेवकों के नाम का इस्तेमाल कर आदेश देने का प्रयास करने तथा मनपा के कामकाज में हस्तक्षेप करने की शिकायत ज्ञापन में की गई है। ज्ञापन में मांग की गई है कि नगरसेवक या नगरसेविका के पति, पत्नी, माता-पिता, भाई, बच्चे अथवा अन्य रिश्तेदार स्वयं को नगरसेवक के रूप में प्रस्तुत न करें और न ही नगरसेवक के पद या अधिकार का अनधिकृत इस्तेमाल करें। इस संबंध में मनपा के सभी विभागों और प्रभाग कार्यालयों को स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। इसके अलावा, फोन के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों पर दबाव डालने, सरकारी कार्यालयीन कामकाज में अनधिकृत हस्तक्षेप करने तथा सोशल मीडिया पर स्वयं का उल्लेख नगरसेवक के रूप में करने जैसी गतिविधियों पर भी रोक लगाने की मांग की गई है।

छत्रपति संभाजीनगर महानगरपालिका क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के रिश्तेदारों के कथित अनधिकृत हस्तक्षेप को रोकने के लिए की गई प्रशासनिक कार्रवाई की तर्ज पर ठाणे महानगरपालिका में भी प्रभावी प्रशासनिक आदेश लागू किया जाए, ऐसी मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई है।

# 17 सितम्बर से चलेगा विकसित भारतझ्रजन सेवा अभियान

**चमकता राजस्थान**

ब्यावर। विकसित भारतझ्रजन सेवा अभियान के संचालन की कार्ययोजना एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा के संबंध में जिला कलक्टर कमल राम मीना की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट वीसी हॉल में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने अभियान के सफल संचालन के लिए विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने तथा अभियान के माध्यम से अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने बताया कि 'विकसित भारत' के लक्ष्यों को पूरा करने एवं जनभागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक 'विकसित भारतझ्रजन सेवा अभियान' संचालित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जनसेवा, सामाजिक सरोकार, सुशासन एवं प्रशासन को आमजन के और अधिक निकट लाना है। अभियान के तहत जिले में जनसेवा, जनभागीदारी, सामाजिक सरोकार एवं सुशासन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत राज्य, जिला एवं स्थानीय स्तर पर निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। अभियान की कार्ययोजना में प्रमुख सेवा गतिविधियों के साथ इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन-स्तरीय उत्तरदायित्व व्यवस्था निर्धारित की गई है। बैठक में विभागीय अधिकारियों को गतिविधियों का नियमानुसार सफल आयोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।




- **जनसमस्याओं के समाधान के लिए लगेंगे शिविर**

'सेवा सेतु अभियान' के अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर 19 से 25 सितम्बर तथा शहरी क्षेत्र में 8 से 16 अक्टूबर तक जनसमस्याओं के निराकरण एवं सरकारी योजनाओं से संबंधित विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके पश्चात ग्रामीण क्षेत्र में 24 सितम्बर एवं शहरी क्षेत्र में 11 अक्टूबर को सांस्कृतिक एवं राष्ट्रभक्ति कार्यक्रम तथा कला प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।

इसी क्रम में 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज' के तहत 1 से 15 अक्टूबर तक सामाजिक नवाचार एवं युवा समाधान को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित होंगे। 'सुशासनझ्रसेवा संवाद' के माध्यम से नागरिकों एवं प्रशासन के मध्य सुशासन विषय पर प्रत्यक्ष संवाद स्थापित किया जाएगा।

- **सेवा गतिविधियों में जनभागीदारी पर जोर**

अभियान के प्रथम चरण में 'अनकही कहानियां' के तहत 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक प्रेरणादायक सेवा कार्यों एवं समाजसेवा से जुड़ी कहानियों का संकलन एवं जन-प्रसार किया जाएगा। अभियान के दौरान 17 सितम्बर को शाम 7 बजे 'आशीर्वाद का दीप' तथा रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

वहीं 'मेरे सपनों का भारतझ्र स्वच्छसेवा' गतिविधि 17 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक चलेगी। 'मेरी सेवाझ्रअनकही कहानियां' के तहत प्रेरणादायक सेवा कार्यों एवं समाजसेवा से जुड़ी कहानियों का संकलन किया जाएगा। अभियान के आगामी चरण में 25 से 27 सितम्बर तक 'मिलन ऑफ सेवा' के तहत स्थानीय आंगनबाड़ी एवं बाल कल्याण केन्द्रों से संपर्क कर सेवा कार्य किए जाएंगे।

- **सांस्कृतिक एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़ेंगे कार्यक्रम**

जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के तहत आयोजित होने वाली सभी गतिविधियों में आमजन की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## रानी में कांग्रेस की तरफ से पालिका अध्यक्ष के लिए विरेन्द्रसिंह कच्छवाह होंगे प्रत्याशी

**चमकता राजस्थान**

भरत कुमार गांधी रानी। रानी खुर्द में नगरपालिका चुनाव संपन्न होने के पश्चात कांग्रेस के पूर्व विधायक खुशवीरसिंह जोजावर ने रानी में नव निर्वाचित कांग्रेस विधायकों एवं हारे हुए प्रत्याशियों एवं कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक में सभी से अपील करते हुए कहा कि आज से पूर्व किसी भी कार्यकर्ता के दिल में एक दूसरे के प्रति मन मुटाव हो तो आज से भूल कर सभी एक जुट होकर कांग्रेस को मजबूत करें। उन्होंने पालिका चुनाव में जनता द्वारा कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर आठ पार्षदों को जिताया है उससे सीख लेकर जनता को बतादें कि रानी में कांग्रेस एक कार्यकर्ता एक जाजम पर हैं। उन्होंने पाली जिले में कांग्रेस की कामयाबी की



सराहना करते हुए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने स्वयं के लिए भी कहा कि कहीं उनकी भी गलतियां रही है जिसको आज के बाद नहीं दोहराएंगे। उन्होंने नव निर्वाचित पार्षदों से सलाह कर कांग्रेस की तरफ से नगरपालिका अध्यक्ष के लिए विरेन्द्रसिंह कच्छवाह को प्रत्याशी बनाने की घोषणा की , जिस पर सभी निर्वाचित पार्षदों ने समर्थन दिया।

पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष चुनीलाल चाड़वास ने रानी में कांग्रेस का बोर्ड बनने की संभावना व्यक्त करते हुए मतदाताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट रकर कांग्रेस को मजबूत करने का आ''ान किया। बैठक में पूर्व पी सी सी सदस्य नरेंद्र कच्छवाह, पूर्व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बशीरुद्दीन चढ़वाह , जिला कांग्रेस सचिव मीठालाल भाट ने भी विचार व्यक्त करते हुए नव निर्वाचित पार्षदों को बधाई दी।

कांग्रेस के चार पार्षद सुनील बुनकर, मोहम्मद इलियास चढ़वाह, मोहम्मद अकरम, विरेन्द्रसिंह कच्छवाह एवं सुरेंद्रसिंह सिसोदिया निर्दलीय ने नगरपालिका निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी शिवा जोशी के समक्ष शपथ ग्रहण की एवं अधिकारी द्वारा शपथ ग्रहिता को पार्षद बनने का प्रमाणपत्र दिया।

## कोट बालियान में पानी के टैंकर में गिरा पैंथर का शावक जिसका रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित रेस्क्यू कर मां के पास छोड़ा

**चमकता राजस्थान**

ब्यूरो चीफ जेके बावल/ बाली/पाली कोट बालियान गांव में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब भेड़-बकरियां चराने गए सवाराम देवासी को खेत के टाके में पैंथर का एक शावक दिखाई दिया।

मंगलवार को दोपहर 2 बजे बाली वनविभाग रेंजर अधिकारी महेंद्रपाल सिंह को कोट निवासी चरवाहा सवाराम देवासी ने सूचना दी कि उसने बकरी चराते समय एक तेंदुए का बच्चा होद में गिरा देखा। रेंजर ने तुरंत प्रभाव से बाली भूरसिंह, दिलीप सिंह के साथ बाली वाइल्ड एंड स्ट्रीट



एनिमल्स रेस्क्यू टीम के दिलीप सेन, दिलीप भाटी, कांतिलाल प्रजापत, जहीर भाई पठान को सूचना दी।

तब सभी जनें एक साथ मोके पर पहुंचे व देखा कि वहा 75 दिन का एक मेल तेंदुआ का बच्चा एक पुराने बने पानी के टाके में रात करीब 2 बजे से गिरा पाया गया। तुरंत प्रभाव से रेस्क्यू कर तेंदुए को पकड़कर डॉक्टर को जांच कराई गई। पुनः रात करीब 8 बजे, वनविभाग रेंजर व विभाग की उपस्थिति में उसकी माँ के पास छोड़ा गया।

### अवैध डोडा पोस्त तस्करी में प्रयुक्त स्कॉपियों वाहन जब्त

# साढे चार क्विंटल अवैध डोडा पोस्त व एक पिस्टल मय 05 राउंड जब्त

### रायपुर पुलिस की अवैध डोडा पोस्त के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

**चमकता राजस्थान**

ब्यावर। जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर, रतन सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर डॉ अनुकृति उज्जैनिया एवं वृताधिकारी वृत्त रायपुर बंशीलाल पांडर के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना रायपुर मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करो के खिलाफ बड़ी कार्यवाही करते हुए 441.350 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त मय पिस्टल मय 05 राउण्ड व घटना मे



प्रयुक्त वाहन स्कॉर्पियों नम्बर फ्ख 01वइ 8282 व 02 नम्बर प्लेट जब्त किये गये।कार्यवाही पुलिस 14.सितंबर .2026 को गश्त के दौरान डयुटी ऑफिसर को इतला मिली कि ग्राम झुठा के पास एक गाडी दुर्घटनाग्रस्त हुई है वगैरा इतला पर डयुटी ऑफिसर मौके पर पहुँचे तो एक स्कॉर्पियों गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में पड़ी है जिसमें चालक व कोई भी घायल व्यक्ति नही मिला आसपास काफी तलाश की गयी व स्कॉर्पियों के अन्दर देखने पर कटटे दिखाई दिये व सीट पर डोडा बिखरा हुआ होने पर डयुटी आफिसर द्वारा सूचना मिलने पर थानाधिकारी रायपुर मय टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर स्कॉपियों की तलाशी ली गई तो स्कॉपियों मे 23 कटटों मे कुल 441.350 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त एक देशी हस्तनिर्मित पिस्टल मय मैगजीन मय 05 राउण्ड व घटना मे प्रयुक्त वाहन स्कॉपियों नम्बर फ्ख 01वइ 8282 व 02 अन्य नम्बर लगे हुये नम्बर प्लेट को जब्त किया गया। प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता ही सच्ची मानवता : मोनिका पियूष न्याती



**चमकता राजस्थान** महेश कुमार बिड़ला/मीडिया प्रभारी मांडल भीलवाड़ा। पशु-पक्षियों के प्रति प्रेम, दया और संवेदनशीलता समाज में मानवीय मूल्यों को मजबूत करती है। इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए मोनिका पियूष न्याती ने बेजुबान जानवरों के प्रति सेवा और करुणा का संदेश दिया। मोनिका पियूष न्याती का कहना है कि पशु-पक्षी भी प्रकृति और हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। गर्मी के दिनों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना, जरूरतमंद पशुओं को भोजन उपलब्ध कराना तथा घायल जानवरों की मदद करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि सड़क पर घायल या असहाय पशु दिखाई देने पर उसकी अनदेखी न करें, बल्कि यथासंभव उसकी सहायता करें। साथ ही, पशुओं के साथ क्रूरता न करने और उनके प्रति प्रेम एवं सहानुभूति रखने का संकल्प लेने की बात कही।

''बेजुबानों की सेवा केवल दया नहीं, बल्कि हमारी मानवता और जिम्मेदारी का परिचय है।'' मोनिका पियूष न्याती ने कहा कि यदि हर व्यक्ति अपने आसपास के पशु-पक्षियों के प्रति थोड़ी संवेदनशीलता दिखाए, तो समाज में करुणा और सद्भाव का वातावरण बनाया जा सकता है।

पशु प्रेम और सेवा की यह भावना निश्चित रूप से समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है और अन्य लोगों को भी बेजुबान जीवों की मदद के लिए प्रेरित करती है।

### पर्युषण पर्व के दौरान धार्मिक आयोजन, तपस्वियों का किया बहुमान

**चमकता राजस्थान धरियावद**। श्री जिनेश्वर देव मंदिर स्थित उपाश्रय में साध्वी विपुलप्रज्ञाजी एवं साध्वी वर्षिणी मोक्षवर्षिणीजी के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान के जीवन परिचय एवं पर्युषण पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



आयोजन में साध्वीजी ने कहा कि पर्युषण पर्व आत्मशुद्धि एवं संयम का पर्व है। इस दौरान एक-दूसरे से क्षमायाचना कर धर्म आराधना एवं तपस्या करनी चाहिए। समाजजनों द्वारा विभिन्न प्रकार की तपस्या एवं उपवास किए गए। तपस्वियों का संघ की ओर से बहुमान किया गया।

इस अवसर पर तपस्या करने वाले श्रावक-श्राविकाओं के परिवारजनों ने भी धार्मिक आयोजन में सहभागिता निभाई। नीरवाजी मेहता परिवार की ओर से 2100 रुपए तथा मंत्री राजेश मेहता की ओर से 3100 रुपए की राशि पाठशाला के लिए भेंट की गई। वहीं समाज के अन्य श्रद्धालुओं ने भी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने धर्म एवं आध्यात्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### कृषि अधिकारियों ने फसल कटाई प्रयोगों का किया निरीक्षण

- **निर्धारित प्रक्रिया एवं मानकों की पालना के साथ पारदर्शिता से प्रयोग करने के निर्देश**

**चमकता राजस्थान** रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को फसल खराबे के आधार पर उचित मुआवजा दिलाने के लिए किए जा रहे फसल कटाई प्रयोगों का कृषि विभाग के अधिकारियों ने महवा उपखण्ड क्षेत्र में निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) रामराज मीणा एवं सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) दौसा अशोक कुमार मीणा ने ग्राम बिरौंदा सहित आसपास के क्षेत्रों में चल रहे फसल कटाई प्रयोगों का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया तथा संबंधित कार्मिकों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त निदेशक रामराज मीणा ने प्राथमिक कार्यकर्ताओं एवं कृषि पर्यवेक्षकों को निर्देश दिए कि विभाग द्वारा निर्धारित सभी फसल कटाई प्रयोग सीसी ऐप के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रयोगों के दौरान निर्धारित प्रक्रिया एवं मानकों की पूरी तरह पालना की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता नहीं हो। सभी प्रयोग निर्धारित समय में पूरे करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि फसल कटाई प्रयोग किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इनसे प्राप्त वास्तविक उपज के आंकड़ों के आधार पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को मिलने वाले बीमा मुआवजे की गणना की जाती है।

# अयोध्या धाम में डेरा सच्चा सौदा के विनोद राजपूत इंसा को मिला राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान

**चमकता राजस्थान**

श्रीगंगानगर। अयोध्या धाम की पावन धरती पर आयोजित राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान समारोह में डेरा सच्चा सौदा से जुड़े सेवाभावी रक्तदाता विनोद राजपूत इंसा को रक्तदान, समाजसेवा एवं मानवता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह में उन्हें प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान कर उनके सेवा कार्यों की सराहना की गई।

श्री राम कृष्ण सेवा संस्थान द्वा-रा आयोजित इस दो दिवसीय समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से समाजसेवा, रक्तदान एवं मानवता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेवाभावी लोगों को सम्मानित किया गया। अयोध्या में आयोजित इस सम्मान समारोह में विनोद राजपूत इंसा को सम्मान मिलना उनके निरंतर सेवा कार्यों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

### ● पूज्य गुरुजी की शिक्ष-ाओं से मिली मानवता की सेवा की प्रेरणा

विनोद राजपूत इंसा ने कहा कि पूज्य गुरुजी संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इंसा द्वारा दी गई मानवता की सेवा, रक्तदान, जरूरतमंदों की सहायता और परोपकार की शिक्ष-ाओं ने उन्हें लगातार सेवा कार्यों के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने कहा कि इंसान का जीवन तभी सार्थक



है, जब वह जरूरतमंद के काम आए। रक्तदान महादान है और कि-सी जरूरतमंद मरीज को समय पर रक्त उपलब्ध करवाकर उसकी जान बचाने में सहयोग करना सबसे बड़ी मानवता है। इसी सेवा भावना को आगे बढ़ाते हुए वे लगातार रक्तदान करने और जरूरतमंद मरीजों तक रक्त उपलब्ध करवाने के प्रयासों में जुटे हुए हैं।

### ● जरूरतमंदों की मदद को बनाया सेवा का माध्यम

विनोद राजपूत इंसा ने बताया कि रक्त की आवश्यकता वाले मरीजों और उनके परिजनों को समय पर मदद पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जाते हैं। सोशल मीडिया एवं सेवा से जुड़े नेटवर्क के माध्यम से जरूरतमंदों तक रक्तदाता पहुंचाने में भी सहयोग किया जाता है।

उन्होंने कहा कि पूज्य गुरुजी की शिक्षा है कि मानवता से बढ़क-र कोई धर्म नहीं, इसी भावना को आत्मसात करते हुए सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। रक्तदान के साथ-साथ जरूरतमंद परिवारों की सहायता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी अपनी भूमिका निभाने का प्रयास रहता है।

### ● सम्मान से बढ़ी जिम्मेदारी

राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान मिलने पर विनोद राजपूत इंसा ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए केवल एक पु-रस्कार नहीं, बल्कि सेवा के क्षेत्र में और अधिक जिम्मेदारी एवं प्रेरणा लेकर आया है। उन्होंने कहा कि सम्मान मिलने से उनका उत्साह बढ़ा है और भविष्य में और अधिक जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने इस सम्मान का श्रेय पूज्य गुरुजी की प्रेरणा, परिवार, सेवाभावी साथियों एवं उन सभी रक्तदाताओं को दिया, जो जरूरत के समय आगे आकर मानवता की सेवा में अपना योगदान देते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## ठाणे शहर कांग्रेस कमेटी में संगठनात्मक नियुक्तियां

**● पत्रकार व आईटीआई कार्यकर्ता अरविंद कोठारी को महासचिव पद की जिम्मेदारी; 14 उपाध्यक्ष, 18 महासचिव, 22 सचिव और 2 प्रवक्ताओं की नियुक्ति**





**चमकता राजस्थान** अरविंद कोठारी/ठाणे : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (INC) द्वारा संगठन सृजन अभियान तथा आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर देशभर में संगठनात्मक पुनर्गठन की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में ठाणे शहर कांग्रेस कमेटी में भी विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी सूची के अनुसार, ठाणे शहर कांग्रेस कमेटी में 14 उपाध्यक्ष, 18 महासचिव, 22 सचिव और 2 प्रवक्ताओं सहित विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा जनक व्यास को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ठाणे शहर कांग्रेस कमेटी में आईटीआई कार्यकर्ता एवं पत्रकार अरविंद कोठारी को महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। इन नियुक्तियों के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का प्रयास किया जा रहा है।

यह संगठनात्मक प्रक्रिया कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के नेतृत्व तथा महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल और ठाणे शहर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल पिंगले के मार्गदर्शन में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा आम जनता की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक उठाती रही है। नवनियुक्त पदाधिकारियों से भी जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने और संगठन को मजबूत बनाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

ठाणे शहर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल पिंगले ने कहा कि ठाणे में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के साथ ही पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर सक्रियता से काम करेगी और शहर में बड़ा परिवर्तन लाने का प्रयास करेगी।

## दूध के दाम बढ़ाने की मांग, पशुपालकों ने दिया 30 सितंबर तक का अल्टीमेटम

**● गाय का दूध 80 और भैंस का दूध 100 रुपए प्रति लीटर करने की मांग, मांग पूरी नहीं हुई तो दूध सप्लाई बंद कर आंदोलन की चेतावनी**



**चमकता राजस्थान** रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)। शहर स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में मंगलवार को किसानों एवं पशुपालकों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पशुपालकों ने दूध के मौजूदा दामों पर नाराजगी जताते हुए दूध के भाव बढ़ाने की मांग उठाई। पशुपालकों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर 30 सितंबर तक मांगों पर निर्णय लेने का अल्टीमेटम दिया है।

पशुपालकों ने गाय के दूध का भाव 80 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध का भाव 100 रुपए प्रति लीटर किए जाने की मांग रखी। इसके साथ ही देशी घी का भाव 1500 रुपए प्रति किलो तथा फेंट का रेट 15 रुपए करने की मांग भी की गई। बैठक में पशुपालकों ने कहा कि पशु चारा, फीड, चुरी, खल और तूड़ी सहित पशुपालन में उपयोग होने वाली सामग्री के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। बढ़ती लागत के मुकाबले दूध का वर्तमान भाव पर्याप्त नहीं होने के कारण पशुपालन करना मुश्किल होता जा रहा है। उन्होंने दूध उत्पादकों को उचित मूल्य दिलाने की मांग की।

नकली दूध पर कार्रवाई की मांग

बैठक में बाजार में कथित रूप से बिक रहे नकली दूध को लेकर भी चिंता जताई गई। पशुपालकों ने प्रशासन से दूध की गुणवत्ता की जांच करवाने तथा नकली दूध के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई की मांग की। पशुपालकों ने चेतावनी दी कि यदि 30 सितंबर तक दूध के दाम बढ़ाने सहित अन्य मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं हुआ तो दूध की सप्लाई बंद कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर आंदोलन को श्रीगंगानगर जिले से आगे प्रदेशभर में विस्तार दिया जाएगा। बैठक में हरजीत सिंह, सोनू, रघुवीर, विकास, रामकुमार जाखड़, बलकार सिंह, तरसेम सिंह, अमृतपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान एवं पशुपालक मौजूद रहे।

## प्रकृति प्रेम: पेड़-पौधों के संरक्षण का संदेश - ललिता नवनीत अटल



**चमकता राजस्थान** महेश कुमार बिड़ला/मीडिया प्रभारी मांडल भीलवाड़ा। पेड़-पौधे हमारे जीवन का अनमोल हिस्सा हैं। प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देते हुए ललिता नवनीत अटल ने पेड़-पौधों की देखभाल और हरियाली को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। अधिक से अधिक पेड़ लगाकर और उनकी नियमित देखभाल करके हम आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरा-भरा और स्वस्थ वातावरण तैयार कर सकते हैं।

# बिजोवा में ढोल-नगाड़ों के साथ राजा इच्छापूर्ति गणेशजी की भव्य स्थापना

**चमकता राजस्थान**

भरत कुमार गांधी रानी। निकटवर्ती गांव बिजोवा में श्री महादेव नवयुवक मंडल, मैन फलां बिजोवा के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर राजा इच्छापूर्ति गणेशजी महाराज की भव्य स्थापना श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में की गई। गणपति स्थापना के अवसर पर पूरे गांव में उत्साह और धार्मिक उल्लास का माहौल नजर आया।

गणेशजी की स्थापना से पूर्व ढोल-नगाड़ों एवं डीजे साउंड के साथ भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। इस दौरान 36 कौम के ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भामाशाह, कार्यकर्ता एवं गणेश भक्त आयोजन में शामिल हुए। गणपति बप्पा के



जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के अनुसार भगवान गणेशजी की प्रतिमा की स्थापना की गई। स्थापना के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक आरती की गई। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने ''गणपति बप्पा मोरया'' एवं भगवान गणेशजी के जयघोष लगाए। भक्तिमय वातावरण में श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की।

आयोजन में मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ महिला मंडल की भी महत्वपूर्ण सहभागिता रही। महिलाओं ने धार्मिक आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूजा-अर्चना एवं आरती में सहभागिता की। गणपति स्थापना के अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम में पुखराज, सोनाराम, कुलदीप रावल, मुकेश लचेटा, दीपक भाटी, रमेश सोलंकी, ललित भाई, बाबूलालजी, पोमारामजी, प्रवीण भाई, अशोक भाई, दीपजी, श्यामजी, वगतारामजी, भोलाराम, मोहन मेन्सन, वजाराम,, धनाराम,, शगनलाल,, जीवाराम,, शंकरलाल,, उत्तम,, मादाराम, प्रवीण, ओगडराम, मदन लाल, प्रकाश, दिनेश, मोहन, महेंद्र, रामलाल,, शेषाराम,, पुराराम, प्रियाश, लालाराम, शंकरलाल एवं कांतिलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, भामाशाह एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड ब्यावर का सामजिक सरोकार सेवा कार्य, ब्रह्मानंद धाम के वृद्धजनों को करवाया भोजन



**चमकता राजस्थान** ब्यावर। सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने और समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्ममान एवं सेवा की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से श्री माहेश्वरी पंचायत बोर्ड ब्यावर की ओर से सेवा कार्य किया जा रहा है। बोर्ड के तत्वावधान में पिछले दो वर्ष से श्री ब्रह्मधाम वृद्धाश्रम, ब्यावर में प्रत्येक माह की 15 तारीख को वृद्धजनों के सम्मान, भोजन-प्रसाद एवं सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी कडी मे मंगलवार को उक्त सेवा कार्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड पदाधिकारियों तथा सदस्यों की उपस्थिति में वृद्धजनों का सममान करते हुए उन्हें आदरपूर्वक भोजन करवाया गया। इस दौरान वृद्धजनों से बातचीत करते हुए उनका आशिर्वाद भी लिया गया। सेवा कार्यो के दौरान अध्यक्ष दिलीप कुमार जाजू, सहमंत्री प्रभातराठी, ब्रह्मानंद धाम अध्यक्ष गणपत सर्राफ सहित अन्य कार्यकर्ता तथा समाज बंधु उपस्थित रहे।

# 80वां तीन दिवसीय महान गुरमत समागम आज से, गजसिंहपुर में सजेगा धार्मिक दीवान

**चमकता राजस्थान**

गजसिंहपुर (जिला संवाददाता संजय बिश्नोई)। गुरुद्वारा सिंह सभा गजसिंहपुर में सिख पंथ की समृद्ध धार्मिक परंपरा को समर्पित 80वां तीन दिवसीय महान गुरमत समागम 15 सितंबर से श्रद्धा और उत्साह के साथ शुरू हो गया है। समागम का आयोजन 15 से 17 सितंबर तक किया जा रहा है। इसे लेकर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

समागम में पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों



से संगत के गजसिंहपुर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान उजागर सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन के दौरान पंथ के प्रसिद्ध रागी जत्थे, ढाड़ी जत्थे, ज्ञानी एवं कविश्वरी जत्थे गुरबाणी कीर्तन और धार्मिक विचारों के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे। 15 एवं 16 सितंबर की रात विशेष धार्मिक दीवान सजाए जाएंगे। वहीं 17 सितंबर को सुबह 10 बजे श्री अखंड पाठ साहिब का भोग डाला जाएगा। इसके उपरांत मुख्य धार्मिक दीवान आयोजित होगा, जिसमें प्रसिद्ध धार्मिक जत्थों द्वारा गुरमत विचारों के माध्यम से संगत को गुरु साहिब की शिक्षाओं से जोड़ा जाएगा। समागम के तीनों दिन गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और सेवादारों ने संगत की सुविधा के लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे दिया है।

## करीब 200 सदस्यों एवं परिवारजनों ने देखी ''हनुमान अंश'' फिल्म

**● श्रीपंचमुखी बालाजी परिवार की नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति व संस्कारों से जोड़ने की अनूठी पहल**





**चमकता राजस्थान** बेंगलूरु। श्री पंचमुखी बालाजी धाम, चौधरीवास (हिसारझहरियाणा) की असीम कृपा से, ब्रह्मलीन गुरुवर पूज्यश्री गोपीरामजी जोशी (बड़े भाईजी) तथा महन्त पीठाधीश्वर गुरुजीश्री पवन कुमार जोशी (भाईजी) के पावन आशीर्वाद तथा सोनू भाईजी एवं मोनू भाईजी के पावन सान्निध्य में श्रीपंचमुखी बालाजी चौधरीवास धाम परिवार, बैंगलोर द्वारा धार्मिक एवं प्रेरणादायी फिल्म ''हनुमान अंश'' का विशेष प्रदर्शन आयोजित किया गया।सिनेपोलिस झ ईटीए नम्मा मॉल, बेंगलूरु में आयोजित इस विशेष शो में संस्था द्वारा कुल करीब 200 सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को निःशुल्क ''हनुमान अंश'' फिल्म दिखाई गई। बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं बुजुर्गों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। फिल्म के शुभारंभ से पूर्व सभी ने सामूहिक रुप से श्रीहनुमान चालीसा का पाठ किया, जिसके बाद ''हनुमान अंश'' फिल्म का प्रदर्शन प्रारंभ हुआ। संस्था का उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ नई पीढ़ी को रुद्रावतार भगवान हनुमानजी की भक्ति, शक्ति, सेवा, साहस, निष्ठा एवं समर्पण जैसे आदर्शों से जोड़ना तथा सनातन संस्कृति एवं पारिवारिक संस्कारों को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक अग्रवाल, अरुण गर्ग, साहिल केडिया, आशू मित्तल, प्रदीप चौधरी, सौरभ मित्तल, गौरव शर्मा, राहुल अग्रवाल, रामनिक राज अग्रवाल, सुनील बजाज एवं उमेश तुलस्यान सहित संस्था के सभी सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। फिल्म के समापन के बाद पुनः सामूहिक श्रीहनुमान चालीसा पाठ के साथ कार्यक्रम का भक्तिमय समापन हुआ। संस्था ने सभी परिवारों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी धार्मिक, सामाजिक, सेवा एवं संस्कारप्रद कार्यक्रमों के माध्यम से समाज और नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति से जोड़ने का संकल्प व्यक्त किया।

# पुलिस द्वारा पत्रकार को अवैध हिरासत में लिए जाने की घटना की कड़ी निंदा

## पत्रकार को अवैध हिरासत में लेना लोकतंत्र पर हमला है

**चमकता राजस्थान**

बायतु। खेमा बाबा प्रेस क्लब के दो सदस्यों को 29 अगस्त के दिन बायतु पुलिस द्वारा अवैध हिरासत में लेने के बाबत आज खेमा बाबा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी की अहम बैठक रखी गई जिसमें उपस्थित क्लब अध्यक्ष अशोक धतरवाल उपाध्यक्ष खीयाराम पालीवाल एवं क्लब के सभी सदस्य गण मौजूद थे आज की इस मीटिंग का उद्देश्य किसी भी पत्रकार को अवैध हिरासत में लेना और किसी कवरेज के दौरान किसी पत्रकार को डराना धमकाना और उसके खिलाफ अभद्र व्यवहार करना और उनको अवैध हिरासत में लेने पर अहम बैठक रखी गई और उसमें चर्चा की गई

पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। किसी पत्रकार को बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के हिरासत में लेना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की स्वतंत्रता पर गंभीर प्रहार है।



हम मांग करते हैं कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और यदि किसी अधिकारी द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है तो उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए।

प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करें।

पत्रकारों की आवाज़ दबाना बंद करें।

खेमा बाबा प्रेस क्लब बायतु के दो सदस्य को पुलिस द्वारा बिना उचित कानूनी प्रक्रिया एवं स्पष्ट कारण बताए हिरासत में लिए जाने की घटना अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक है। पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जनहित से जुड़े मुद्दों को समाज एवं प्रशासन के समक्ष रखने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो पत्रकारो को दिनांक 29 अगस्त को थाना बायतु की पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया। इस दौरान उन्हें हिरासत में लिए जाने के कारण एवं कानूनी आधार के संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई/उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। यदि यह तथ्य जांच में सही पाया जाता है, तो यह पत्रकारों के स्वतंत्र एवं निर्भीक रूप से कार्य करने के अधिकार पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।

खेमा बाबा प्रेस क्लब पत्रकार संगठन/प्रेस क्लब प्रशासन से मांग करता है कि–

1. पत्रकार को हिरासत में लिए जाने की घटना की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए।
2. हिरासत में लिए जाने के कानूनी कारण एवं पूरी कार्रवाई सार्वजनिक की जाए।
3. यदि किसी पुलिस अधिकारी द्वारा नियमों का उल्लंघन किया गया है तो उसके विरुद्ध उचित विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाए।
4. पत्रकारों को अपना कार्य स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में करने की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### विशेष शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए रेखा पारीक 'प्रथम-गुरु प्रज्ञा सम्मान' से सम्मानित




**चमकता राजस्थान** रघुनंदन पारीक/श्रीनगर। अजमेर के कोटड़ा स्थित 'जय अम्बे सेवा समिति वृद्धाश्रम' परिसर में आयोजित भव्य 'प्रथम-गुरु प्रज्ञा-सम्मान समारोह 2026' में 'शुभदा' स्पेशल वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या एवं विशेष शिक्षिका रेखा पारीक को शिक्षा और दिव्यांग बच्चों के पुनर्वास के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अलंकृत किया गया।सामाजिक संस्था *'प्रथम एक पहल' (प्रकल्पः स्माइल टू लाइफ) द्वारा आयोजित इस गरिमामयी समारोह में, जिले भर के उत्कृष्ट शिक्षकों को वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के सान्निध्य एवं पवित्र आशीर्वाद के साथ सम्मानित किया गया।

वर्ष 2016 से विशेष शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित सेवा देने के लिए समारोह में ३रेखा पारीक [BA, MA, B.Ed (Special Education)] को स्मृति-चिह्न एवं प्रशस्ति-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि रेखा पारीक ने वर्ष 2016 में 'शुभदा' स्पेशल वर्ल्ड स्कूल, अजमेर में एक अध्यापिका के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। विशेष बच्चों के साथ कार्य करते हुए उनके मन में विशेष शिक्षा के प्रति गहरा लगाव पैदा हुआ और इन बच्चों के संबल के लिए कुछ करने की प्रबल इच्छा जागी। उनके पति अभिनन्दन पारीक (जो स्वयं भी एक विशेष शिक्षक हैं) उनके मुख्य प्रेरणा स्त्रोत बने। पति की प्रेरणा और पूर्ण सहयोग से वे एक कुशल विशेष शिक्षिका के रूप में उभरकर सामने आईं।

विशेष शिक्षिका के रूप में उन्होंने दिव्यांग बच्चों के लिए अनेक कल्याणकारी कार्य किए और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन तक पहुँचाया। बच्चों के प्रति उनके समर्पण, स्नेह और ममतामयी व्यवहार तथा संस्था के प्रति उनकी निष्ठा को देखते हुए 'शुभदा स्पेशल वर्ल्ड स्कूल' ने वर्ष 2024 में उन्हें प्रधानाचार्या (प्रिंसिपल) के पद की जिम्मेदारी सौंपी।

वर्तमान में वे विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (Special Children) को स्नेह, शिक्षा, जीवन कौशल और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा से कार्यरत हैं। प्रशस्ति-पत्र में उनके त्याग, समर्पण और ममतामयी मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इन बच्चों का भविष्य संवारने में उनके अतुलनीय योगदान को रेखांकित किया गया।

### पंजाब के अमृतसर में जनरेटर से गैस लीक होने से 1 की मौत 4 बीमार पड़े

**अमृतसर/एजेंसी।** शहर के महान सिंह गेट इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक मशहूर लॉटरी की दुकान के ऊपर लगे जनरेटर से कथित जहरीली गैस लीक होने से कई लोग प्रभावित हुए. शुरुआती जानकारी के मुताबिक, यह घटना तब हुई जब कुछ लोग वहां बैठकर खाना खा रहे थे.

एएसआई शरणजीत सिंह ने बताया, जेनरेटर से अचानक गैस लीक होने से वहां मौजूद लोगों की हालत बिगड़ गई. गैस के संपर्क में आने से पांच लोग बेहोश हो गए. घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई और बेहोश लोगों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. अस्पताल में इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई.

मरने वाले की पहचान जुगिंदर सिंह के तौर पर हुई है, जिनकी उम्र करीब 55 साल थी. वह अमृतसर के एक गांव के इलाके खासा के रहने वाला था. घटना में प्रभावित दूसरे लोगों का अभी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है.

घटना की जानकारी मिलने पर, बी डिवीजन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. एएसआई शरणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि जनरेटर से किस तरह की गैस लीक हुई और यह घटना किन हालात में हुई. पुलिस हादसे की वजह का पता लगा रही है. इस बीच जनरेटर और मौके पर मौजूद दूसरी चीजों की भी जांच की जा रही है.

# गडरपुरा सपेरा बस्ती में शिक्षा से जुड़ने और नशे से दूर रहने का संदेश, सचिव रेखा यादव ने बच्चों एवं अभिभावकों को किया जागरूक

**चमकता राजस्थान**

धौलपुर संवाददाता रामदास तरुण/बाड़ी। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार चयनित ग्राम गडरपुरा में नालसा की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को 60 दिवसीय मेगा अभियान के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सचिव रेखा यादव ने ग्राम पंचायत सनौरा, तहसील बाड़ी स्थित सपेरा बस्ती में पहुंचकर बच्चों एवं ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया तथा नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सचिव रेखा यादव ने सपेरा बस्ती के बच्चों से उनकी पढ़ाई एवं विद्यालय जाने के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय जाने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है, इसलिए प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ना और उसकी पढ़ाई निरंतर जारी रखना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सचिव ने बच्चों के माता-पिता एवं अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने तथा उनकी शिक्षा में पूरा सहयोग करने का आ''ान किया। उन्होंने अभिभावकों से



बच्चों की पढ़ाई में रुचि लेने और उन्हें शिक्षा प्राप्त करने के लिए आवश्यक वातावरण उपलब्ध कराने की अपील की। इस अवसर पर नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) स्कीम, 2024 तथा नालसा (स्कूल छोड़ने वाले एवं वंचित बच्चों के लिए विधिक सहायता) योजना, 2025 के संबंध में उपस्थित बच्चों एवं अभिभावकों को विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि शिक्षा से वंचित एवं जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उनकी शिक्षा निरंतर बनाए रखने के लिए विधिक सहायता एवं विभिन्न सेवाएं उपलब्ध हैं। कार्यक्रम में नशा मुक्ति को भी विशेष प्राथमिकता दी गई। सचिव रेखा यादव ने ग्रामीणों एवं बच्चों को नशे के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार और सामाजिक जीवन को प्रभावित करता है, इसलिए बच्चों और युवाओं को नशे से बचाकर शिक्षा एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ना आवश्यक है। इस अवसर पर युवा चेतना फाउंडेशन धौलपुर के अध्यक्ष रामदास तरुण ने भी बच्चों की शिक्षा को आगे बढ़ाने तथा ग्रामीणों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा और नशा मुक्ति समाज में सकारात्मक बदलाव के महत्वपूर्ण आधार हैं। बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से बचाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं अभिभावकों को निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्ध विधिक सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

## हिंदी केवल भाषा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है डॉ. अखिल शुक्ला

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। जयपुर हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान जयपुर राजस्थान ने हिंदी दिवस पर 'शब्दों का संगम , हिंदी सेबी प्रचारक सम्मान का भव्य आयोजन महेंद्र स्मृति सभागार हिंदी भवन जयपुर में आयोजित हुआ इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता, अधिवक्ता, संस्थान के अध्यक्ष, डॉ अखिल शुक्ला
ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदी केवल भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है, हम जिस भाषा में सपने देखते हैं, अपनों से भावनाएं साझा करते हैं और अपनी बात दिल तक पहुंचाते हैं उस भाषा का सम्मान करना हमारा दायित्व है संस्थान की कुल सचिव अविनाश




शर्मा ने कहा कि हिंदी मेरे लिए केवल एक भाषा नहीं बल्कि हमारी मिट्टी की खुशबू हमारी संस्कृति की पहचान और हमारे संस्कारों की आवाज है आज हम हिंदी दिवस पर हिंदी को केवल हिंदी तक सीमित न रखें बल्कि अपने दैनिक जीवन और संवाद और व्यवहार में अपनाए संस्थान के उपाध्यक्ष गोपेश शर्मा ने संस्थान द्वारा सम्मानित होने वाले हिंदी प्रचारको के बारे में विस्तार से बताया संस्थान की कार्यालय प्रभारी अमिता शर्मा आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान सदैव हिंदी के प्रचार प्रसार एवं साहित्य, शिक्षा और सामाजिक सरोकारों को जोड़ने के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में हिंदी कवि डॉ. राम मोहन शर्मा ने कहा कि हिंदी की प्रगतिशीलता को बहने दें ,अतुकांत कविता में भी एक लय होती है उसे प्राणवान रखना है। साहित्यकार राधामोहन चतुर्वेदी ने साहित्य और समाज की भूमिका पर प्रकाश डालते गीत सुना कर सभी को प्रभावित किया। पूर्व में संस्थान की छात्रों द्वारा हिंदी गीत की प्रस्तुति दी गई शब्दों के संगम कार्यक्रम के अंतर्गत ही हिंदी दिवस पर अंकित शर्मा, मनमोहन गुप्ता, सीताराम अवस्थी, सुनीता सोनी, राखी यादव ,पूर्णिमा कपूर, मनोरमा धाकड़, आकांक्षा जैन,माधुरी शर्मा, मणिमाला ने अपनी कविताओं के द्वारा हिंदी के महत्व, सरसता, सरलता और गरिमा को उजागर किया।

## मीरा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री सुरेन्द्र जैन 'पारस' संगीत एवं फोटोग्राफी कला गौरव सम्मान से सम्मानित

**चमकता राजस्थान**

जयपुर। मीरा चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.), जयपुर द्वारा संचालित सेंटर फॉर पब्लिक अवेयरनेस एंड इंफॉर्मेशन के तत्वावधान में हिंदी दिवस (14 सितंबर 2026) तथा श्री राधा जी के अवतार एवं आदर्श भारतीय नारी डॉ. मीरा पाटोदिया की 78वीं जन्म जयंती के पावन अवसर पर अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक संगीत कलाकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस विशिष्ट समारोह में 60 वर्ष से अधिक आयु के भारतीय संगीत कलाकारों की साधना, अनुभव, प्रतिभा एवं संगीत-समर्पण को नमन करते हुए वरिष्ठ फोटो पत्रकार एवं कला साधक श्री सुरेन्द्र जैन 'पारस' (80)को संगीत एवं




फोटोग्राफी कला गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा जारी प्रशस्ति पत्र में उल्लेख किया गया कि श्री सुरेन्द्र जैन 'पारस' ने भारतीय संस्कृति, लोकजीवन एवं प्रकृति की भावनात्मक छवियों को अपने कैमरे के माध्यम से संवेदनशीलता और कलात्मक दृष्टि के साथ प्रस्तुत किया है। उनकी फोटो पत्रकारिता ने संगीत, लोककलाओं, सांस्कृतिक आयोजनों तथा समाज के विविध रंगों को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कला-संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में उनके दीर्घकालीन रचनात्मक योगदान के लिए संस्था ने उनके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य, निरंतर साधना एवं दीर्घायु की मंगलकामनाएँ व्यक्त कीं।

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया (नैतिक शिक्षाविद, आध्यात्मिक चिंतक एवं मार्गदर्शक) सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## जियो यूजर्स को 12 महीने मुफ्त मिलेगा Canva Pro, 4,000 तक की बचत

- **399 के प्लान पर Canva Pro, 349 और उससे ऊपर के चुनिंदा 2GB/day प्लान पर Canva Pro Lite**
- **ऑफर 16 सितंबर से शुरू, MyJio ऐप से कुछ टैप में किया जा सकेगा एक्टिव**




**चमकता राजस्थान मुंबई।** जियो यूजर्स अब बिना अतिरिक्त पैसे दिए Canva के प्रीमियम डिजाइन टूल्स इस्तेमाल कर सकेंगे। जियो और उंल्ल५ं ने साझेदारी की है, जिसके तहत पात्र ग्राहकों को 12 महीने तक Canva Pro या Canva Pro Lite मुफ्त मिलेगा। कंपनी के मुताबिक इस ऑफर की कीमत 4,000 तक है और इसे 16 सितंबर से MyJio ऐप के जरिए एक्टिव किया जा सकेगा। किस ग्राहक को कौन-सा Canva मिलेगा, यह उसके जियो रिचार्ज प्लान पर निर्भर करेगा। 399 के प्लान पर उंल्ल५ं ढ१ङ्ग मिलेगा, जबकि 349 और 349 से ऊपर के पात्र 2GB प्रतिदिन डेटा वाले प्लान पर Canva Pro Lite दिया जाएगा। ऑफर के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क या छिपा हुआ चार्ज नहीं होगा। इसका सीधा फायदा छात्रों, कंटेंट क्रिएटर्स, प्रोफेशनल्स और छोटे कारोबारियों को मिल सकता है। Canva की मदद से मोबाइल पर ही स्कूल प्रोजेक्ट, सोशल मीडिया पोस्ट, प्रेजेंटेशन, मार्केटिंग मटीरियल और फेस्टिवल ग्रीटिंग जैसे डिजाइन बनाए जा सकते हैं। हिंदी समेत कई भारतीय भाषाओं में भी कंटेंट तैयार किया जा सकेगा।

Canva Pro Lite में लाखों प्रीमियम टेम्पलेट, फोटो, वीडियो और फॉन्ट के साथ बैकग्राउंड रिमूवर, Magic Resize और 50GB क्लाउड स्टोरेज जैसे फीचर मिलेंगे। वहीं Canva Pro में इसके अलावा Canva AI, Content Planner, ज्यादा अक लिमिट और 100GB क्लाउड स्टोरेज जैसे अतिरिक्त फीचर होंगे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रेसिडेंट किरण थॉमस ने कहा कि इस साझेदारी के जरिए जियो लाखों भारतीयों तक अकआधारित डिजाइन टूल्स मुफ्त पहुंचाना चाहता है, ताकि छात्र, क्रिएटर्स और छोटे कारोबारी अपनी पसंद की भाषा में सीख और काम कर सकें।

ऑफर का लाभ लेने के लिए पात्र जियो यूजर को MyJio ऐप खोलकर Canva ऑफर पर टैप करना होगा। इसके बाद वह सीधे डिजाइन बनाना शुरू कर सकेगा।

## रानी खुर्द नगरपालिका में कांग्रेस 8, भाजपा 7, बागी व निर्दलीय 5

- **सभापति पद पर सबकी नजर, बोर्ड बनाने में निर्दलीय निभाएंगे निर्णायक भूमिका**
- **दो वार्डो बड़ा उलटफेर**

**चमकता राजस्थान** ब्यूरो चीफ जेके बावल,भरत गांधी। रानी। रानी खुर्द नगरपालिका चुनाव की मतगणना सोमवार को रानी पंचायत समिति सभागार में सुबह 8 बजे शुरू हुई। दोपहर तक सभी 20 वार्डों के परिणाम घोषित कर दिए गए। चुनाव में 77 प्रत्याशी मैदान में थे। 9 सितंबर को हुए मतदान में 76.28 प्रतिशत मतदान हुआ था। परिणामों में कांग्रेस को 8, भाजपा को 7 तथा बागी व निर्दलीय प्रत्याशियों को 5 सीटें मिलीं। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से अब सभापति पद को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मतगणना में कई चौंकाने वाले परिणाम सामने आए। भाजपा के कद्दावर नेताओं को भी हार का सामना करना पड़ा। वार्ड 2 में भाजपा से बागी जयसिंह सिसोदिया ने 49 मतों से जीत दर्ज कर पूर्व अध्यक्ष घीसूलाल चौधरी को हराया। वार्ड 5 में कांग्रेस के विपिन कच्छवाहा ने भाजपा के निवर्तमान उपाध्यक्ष डालचंद मेवाड़ा को 49 मतों से हराया। वार्ड 6 में भाजपा के मंडल अध्यक्ष हरीश गेहलोत ने मात्र 3 मतों से जीत दर्ज की।

वार्ड 1 से कांग्रेस के राकेश कुमार भील 65 मतों से, वार्ड 3 से भाजपा की कैलाश कंवर 125 मतों से तथा वार्ड 4 से कांग्रेस के सुरेश कुमार 24 मतों से विजयी रहे। वार्ड 7 से कांग्रेस के मोहम्मद अकरम ने लगातार दूसरी बार 79 मतों से जीत दर्ज की। वार्ड 8 से भाजपा के रघुदत्त गौतम 108 मतों से तथा वार्ड 9 से कांग्रेस की कमला राजपुरोहित 83 मतों से विजयी रहीं। वार्ड 10 से निर्दलीय सुरेन्द्र सिसोदिया 44 मतों से, वार्ड 11 से निर्दलीय शैलू अग्रवाल 19 मतों से तथा वार्ड 12 से कांग्रेस के मोहम्मद इलियास चढ़वा 35 मतों से जीते। वार्ड 13 में भाजपा के बाबूलाल भाट ने कांग्रेस के मीठालाल भाट को 170 मतों से हराकर सबसे बड़ी जीत दर्ज की। वार्ड 14 में बागी निर्दलीय गीता बंजारा 57 मतों से तथा वार्ड 15 में भाजपा से बागी छगनलाल माली 20 मतों से विजयी रहे। वार्ड 16 से भाजपा के भरत जैन बोराणा 14 मतों से, वार्ड 17 से अशोक माली 39 मतों से तथा वार्ड 18 से भाजपा की प्रिया अग्रवाल 39 मतों से जीतीं। वार्ड 19 से कांग्रेस की गीता रागी 145 मतों से तथा वार्ड 20 से कांग्रेस के सुनील बाबू बैरवा 174 मतों से विजयी रहे। सभापति पद ओबीसी ओपन आरक्षित होने के कारण अब बोर्ड बनाने के लिए जोड़तोड़ तेज हो गई है।

# पिरामिड वास्तु और एक्यूप्रेशर पर हुआ विशेष संबोधन साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर व्यापार, निवेश, डिफेंस, संस्कृति व भारत के वैश्विक संबंधों को लेकर हुई महत्वपूर्ण चर्चाएं

### ब्रिक्स 2026 में जैन समाज का प्रतिनिधित्व करते नजर आए बेंगलूरु के प्रख्यात वास्तुविद डॉ रवींद्र जैन

**चमकता राजस्थान**

नई दिल्ली। ब्रिक्स 2026 से जुड़े विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में जैन समाज की ओर से प्रमुख प्रतिनिधि के रुप में बेंगलूरु के सुविख्यात वास्तुविद आचार्य डॉ. रवींद्र जैन ने सक्रिय सहभागिता की। डॉ. जैन ब्रिक्स इंटरनेशनल बिजनेस फोरम की प्रेसिडेंट पूर्णिमा आनंद के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहे हैं और ब्रिक्स देशों के बीच व्यापारिक एवं राजनयिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में सक्रिय हैं। डॉ. रवींद्र जैन ने ब्रिक्स से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों और बैठकों में हिस्सा लिया। इनमें ली मैरिडियन होटल, इरोज़ होटल, ललित अशोक होटल तथा भारत मंडपम में आयोजित विभिन्न कार्यक्रम प्रमुख रहे। इसके अलावा ब्रिक्स विमेन से जुड़े कार्यक्रमों में भी उन्होंने विशेष रुप से सहभागिता की।

ली मैरिडियन में आयोजित एक






महत्वपूर्ण बैठक में करीब 10झ15 देशों के प्रतिनिधियों, राजनयिकों, उद्योगपतियों, बिजनेस लीडर्स और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय हस्तियों ने हिस्सा लिया। भारत सहित रुस, सिंगापुर, ब्राजील और अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ व्यापार, निवेश और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। कार्यक्रम में फिल्म डायरेक्टर सरफराज आलम, मीनाक्षी लेखी, संस्कृति एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों से जुड़े अनेक विशिष्ट अतिथि तथा ब्रिक्स संस्कृति से जुड़े कई अधिकारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भारत के उद्योग जगत से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही। स्टील किंग ऑफ़ इंडिया राजेंद्र मिगलानी, उत्तम गाल्वा कंपनी के चेयरमैन सहित अनेक बड़े उद्योगपति एवं व्यावसायिक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। दुबई की रॉयल फैमिली से जुड़े विशिष्ट अतिथि, दुबई पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी तथा शेख सलीम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फुटबॉल जगत से जुड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और दुबई के प्रमुख बिजनेस प्रतिनिधियों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को और महत्वपूर्ण बनाया।

पिरामिड वास्तु और एक्यूप्रेशर पर विशेष संबोधन

डॉ रवींद्र जैन ने पिरामिड एवं वास्तु शास्त्र पर विशेष संबोधन में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों और बिजनेसमैन ने विशेष रुचि दिखाई। कई प्रतिनिधियों ने डॉ. जैन से पिरामिड वास्तु के साथ-साथ एक्यूप्रेशर के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। चीन में होने वाले आगामी ब्रिक्स सम्मेलनों की तैयारियों तथा भारत में विदेशी निवेश की संभावनाओं को लेकर भी चर्चा हुई। कुल मिलाकर जैन समाज की ओर से प्रमुख प्रतिनिधि के रूप में डॉ. रवींद्र जैन की ब्रिक्स 2026 में सक्रिय सहभागिता को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## एशियाई खेलों से पहले रमेश पाथिराजे को बड़ा झटका

# 90 मीटर वाले जैवलिन टूटे

### तुर्किश एयरलाइंस पर उठे सवाल




चेन्नई/एजेंसी।

वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप में 91.09 मीटर का शानदार थ्रो कर खिताब जीतने वाले श्रीलंका के जैवलिन स्टार रमेश पाथिराजे के तीनों भाले यात्रा के दौरान क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि बुडापेस्ट से कोलंबो लौटते समय उनके जैवलिन टूट गए।

23 वर्षीय पाथिराजे ने वर्ल्ड अल्टीमेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा का फाइनल जीतने के अलावा इससे पहले डायमंड लीग फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन किया था। उनके लिए टूटे हुए जैवलिन सिर्फ खेल उपकरण नहीं थे, बल्कि उनकी सफलता के सफर से जुड़े बेहद खास सामान थे।

श्रीलंकाई समाचार माध्यम ठी६२ह्रशी के अनुसार पाथिराजे ने कहा कि 90 मीटर से अधिक के थ्रो में इस्तेमाल किए गए उनके तीनों जैवलिन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि यह एयरलाइन की गलती हो सकती है, लेकिन वह इसे बड़ी समस्या नहीं मानते और आगे बढ़ेंगे।

पाथिराजे ने सोशल मीडिया पर टूटे हुए जैवलिन की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, ''Thank you Turkish Airlines. Bad luck.'' उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो गईं।

#### एशियाई खेलों में स्वर्ण के प्रबल दावेदार

» शानदार फॉर्म में चल रहे पाथिराजे अब एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा चोट के कारण बाहर हैं, जबकि पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम भी इस समय अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। ऐसे में पाथिराजे के लिए स्वर्ण पदक की राह अपेक्षाकृत आसान मानी जा रही है।

#### श्रीलंका सरकार ने उठाया मामला

» सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के कुछ ही घंटों बाद श्रीलंका सरकार ने कथित तौर पर पाथिराजे को नए जैवलिन उपलब्ध कराने का फैसला किया है। श्रीलंका के युवा मामले और खेल मंत्रालय ने कहा कि सरकार इस मामले को एयरलाइन के समक्ष उठाएगी और जरूरत पड़ने पर उचित कानूनी कार्रवाई भी करेगी।

## सैंडपेपर गेट विवाद के बाद दक्षिण अफ्रीका में पहली बार टेस्ट सीरीज खेलेगी ऑस्ट्रेलिया, कप्तान पैट कमिंस ने कहा- मुश्किल होगी

नई दिल्ली/एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया का 3 वनडे और 3 टेस्ट मैचों का दक्षिण अफ्रीका दौरा 24 सितंबर से शुरू हो रहा है। 2018 में हुए सैंडपेपर गेट विवाद के बाद ऑस्ट्रेलिया पहली बार टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा कर रही है। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि सैंडपेपर की वजह से दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को थोड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। कमिंस ने कीपिन इट क्रिकेट पॉडकास्ट के दौरान कहा, टेस्ट सीरीज के दौरान थोड़ी दुश्मनी हो सकती है। लेकिन यह एशेज सीरीज से ज्यादा शोरगुल वाला नहीं हो सकता। बर्मिंघम, एजबेस्टन का हॉलीज स्टैंड, वह बहुत शोरगुल वाला हो जाता है। दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट खेलने के अनुभव पर कमिंस ने कहा, जब से मैं दक्षिण अफ्रीका गया हूं, भीड़ के कुछ हिस्से ऐसे होते हैं जो अटक जाते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि हमने यह सब पहले भी देखा है। सबसे जरूरी बात, मैं कैप्टन हूं, इसलिए मैं बीच में हूं, मैं दर्शकों के पास नहीं रहूंगा। कमिंस ने कहा, मेरा मानना है कि अब तक वह मामला शांत हो गया होगा। हमार फोकस क्रिकेट पर रहेगा।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ने कहा, हर कोई आगे बढ़ जाता है। अच्छी बात यह है कि तीन टेस्ट में, आप क्रिकेट में फंस जाते हैं, और हर कोई बहुत जल्दी क्रिकेट के बारे में चिंता करने लगता है। मुझे यकीन है कि भीड़ में कुछ गुस्सैल लोग होंगे, और कुछ आर्टिकल या मीडिया में ऐसी बातें सामने आएंगी। लेकिन हमारा ग्रुप आगे बढ़ गया है।

2018 में बॉल-टैम्परिंग के मुद्दे ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को बहुत मुश्किल में डाल दिया था। विवादके बाद स्टीव स्मिथ और डेविड वार्नर जैसे खिलाड़ियों पर एक साल और कैमरन बैनक्रॉफ्ट पर नौ महीने का बैन लगा था।

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दोनों ही टीमों के लिए यह सीरीज बेहद अहम है। ये टेस्ट सीरीज बेहद रोमांचक होने वाली है और दुनियाभर के क्रिकेट फैंस की इस पर नजर रहेगी।

## एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का भारत दौरा सरकार की मंजूरी पर निर्भर : पीएचएफ

नई दिल्ली/एजेंसी।

पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन (पीएचएफ) के प्रमुख मोहिउद्दीन अहमद वानी ने कहा है कि अगले महीने होने वाली हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का भारत दौरा सरकार की मंजूरी पर निर्भर है। मेन्स एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक जालंधर और मोहाली में होनी है। इसमें भारत, चीन, जापान, मलेशिया और कोरिया के साथ ही पाकिस्तान को भी हिस्सा लेना है। पाकिस्तान के नहीं आने की स्थिति में ओमान या बांग्लादेश को मौका दिया जा सकता है। दोनों टीमों को फिलहाल रिजर्व टीम के रूप में रखा गया है। पाकिस्तान के दैनिक अंग्रेजी समाचार पत्र डॉन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, वानी ने कहा, पाकिस्तान टीम का दौरा सरकारी मंजूरी पर निर्भर करेगा। सरकार हमसे जो भी करने को कहेगी, हम वही करेंगे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान अगले महीने टूर्नामेंट के लिए भारत आएगा। मल्टी-नेशनल टूर्नामेंट में कोई दिक्कत नहीं है। भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय सीरीज नहीं हो सकती। उन्होंने केंद्र सरकार की नीति का जिक्र करते हुए बताया कि भारत और पाकिस्तान मल्टीनेशनल इवेंट्स में हिस्सा ले सकते हैं।

5 मई को जारी एक ऑफिस मेमोरेंडम में, खेल मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ी और टीमें भारत द्वारा आयोजित बहुराष्ट्रीय इवेंट्स में हिस्सा ले सकेंगी, साथ ही एथलीट्स, अधिकारी और इंटरनेशनल फेडरेशन के प्रतिनिधियों के लिए ज्यादा सपोर्टिव वीजा सिस्टम का भी संकेत दिया।

एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का लीग स्टेज 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक जालंधर में खेला जाएगा, जबकि सेमीफाइनल 4 नवंबर को और फाइनल 5 नवंबर को खेला जाएगा। भारत-पाकिस्तान का मैच 1 नवंबर को पंजाब डे पर जालंधर में प्रस्तावित है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा, 1 नवंबर को जालंधर में होने वाला भारत-पाकिस्तान का मैच टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण होगा। यह मैच पंजाब डे के साथ होगा, जिससे यह मौका पंजाब के लोगों के लिए और भी खास हो जाएगा।



## भारतीय शेयर बाजार मजबूती के साथ खुला, आईटी स्टॉक्स में खरीदारी




मुंबई/एजेंसी।

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को मजबूती के साथ खुला। सुबह 9:17 पर सेंसेक्स 393 अंक या 0.53 प्रतिशत की मजबूती के साथ 75,178 और निफ्टी 103 अंक या 0.44 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,495 पर था।

शुरुआती कारोबार में बाजार में खरीदारी का नेतृत्व आईटी शेयर कर रहे थे। सूचकांकों में निफ्टी आईटी करीब 5 प्रतिशत की बढ़त के साथ टॉप गेनर था। वहीं, निफ्टी एफएमसीजी, निफ्टी सर्विसेज, निफ्टी कंजम्पशन, निफ्टी ऑटो और निफ्टी ऑयलएंडगैस हरे निशान में थे। निफ्टी इंडिया डिफेंस, निफ्टी रियल्टी, निफ्टी मेटल, निफ्टी पीएसई, निफ्टी फार्मा, निफ्टी एनर्जी, निफ्टी कमोडिटीज, निफ्टी इन्फ्रा, निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग, निफ्टी हेल्थकेयर, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और निफ्टी प्राइवेट बैंक लूजर्स थे।

सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, आईटीसी, टाटा स्टील, सन फार्मा और ट्रेंट गेनर्स थे। बीईएल, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडिगो, टाइटन, पावर ग्रिड, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल और इटरनल लूजर्स थे।

ज्यादातर वैश्विक बाजारों में कमजोरी देखी जा रही है। शंघाई, हांगकांग, बैंकॉक और जकार्ता लाल निशान में थे, जबकि टेक्यो हरे निशान में था। अमेरिकी शेयर बाजार लाल निशान में बंद हुआ था, जिसमें मुख्य सूचकांक डाओ डोन्स 0.29 प्रतिशत की कमजोरी के साथ और नैस्डैक 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ।

वैश्विक बाजारों में गिरावट की वजह मध्य पूर्व में लगातार बढ़ता युद्ध है, जिससे पूरे क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इसके चलते डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 103 डॉलर प्रति बैरल और बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 107 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

इससे दूसरी तरफ सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। खबर लिखे जाने तक कॉमैक्स पर सोना 0.18 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 4,344 डॉलर प्रति औंस और चांदी आधा प्रतिशत की कमजोरी के साथ 63 डॉलर प्रति औंस पर थी।

# 2,000 रुपए तक के यूपीआई भुगतान पर कोई शुल्क नहीं लगेगा : केंद्र सरकार

नई दिल्ली/एजेंसी।

केंद्र सरकार ने सोमवार को स्पष्ट किया कि 2,000 रुपए तक के यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन पर बैंक किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लगा सकेंगे। इसी तरह, रुपे डेबिट कार्ड के जरिए 2,000 रुपए तक किए गए भुगतान पर भी कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।




वित्त मंत्रालय की ओर से जारी राजपत्र (गजट) अधिसूचना के अनुसार, रुपे डेबिट कार्ड और 2,000 रुपए तक के यूपीआई लेनदेन को आधिकारिक रूप से 'इलेक्ट्रॉनिक भुगतान माध्यम' के रूप में अधिसूचित किया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि कोई भी बैंक या भुगतान प्रणाली संचालक इन माध्यमों से भुगतान करने या प्राप्त करने वाले व्यक्ति से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी प्रकार का शुल्क नहीं वसूल सकता।

सरकार ने यह फैसला पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 के तहत अधिकारों का उपयोग करते हुए लिया है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य यूपीआई लेनदेन पर लगने वाले संभावित शुल्कों को लेकर बनी भ्रम की स्थिति को दूर करना है।

पिछले महीने भी केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया था कि आम उपभोक्ताओं के लिए यूपीआई के माध्यम से किए जाने वाले व्यक्ति-से-व्यक्ति (पी2पी) भुगतान पूरी तरह मुफ्त रहेंगे। सरकार ने कहा था कि व्यापारियों (मर्चेंट्स) पर भी कोई व्यापक रूप से लागू होने वाला मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) नहीं लगाया जाएगा।

वित्त मंत्रालय के अनुसार, यदि भविष्य में एमडीआर लागू किया भी जाता है, तो वह केवल कुछ विशेष श्रेणी के व्यापारी लेनदेन पर, एक निश्चित सीमा से अधिक राशि वाले भुगतानों पर और बेहद मामूली दर पर ही लागू होगा।

सरकार ने यह भी कहा कि ऐसी स्थिति में भी शुल्क डेबिट या क्रेडिट कार्ड लेनदेन पर लगने वाले एमडीआर की तुलना में काफी कम होगा।

यह स्पष्टीकरण ऐसे समय में आया है जब हाल ही में पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007 में किए गए संशोधनों के बाद यूपीआई लेनदेन पर शुल्क लगाए जाने की आशंकाओं को लेकर चर्चा चल रही थी। सरकार ने साफ किया है कि 2,000 रुपए तक के यूपीआई भुगतान और रुपे डेबिट कार्ड से किए गए भुगतान पर ग्राहकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## खाद्य महंगाई बढने से सीपीआई में हुई बढ़ोतरी, मौसम और तेल की कीमतों से आगे भी जोखिम की संभावना : इकोनॉमिस्ट्स

नई दिल्ली/एजेंसी।

केयरएज रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा ने सोमवार को कहा कि जुलाई में 4.5 प्रतिशत रहने वाली खुदरा महंगाई अगस्त में बढ×कर 4.82 प्रतिशत हो गई। इसके पीछे मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं की ऊंची कीमतें हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि महंगाई का आउटलुक अभी भी मौसम संबंधी जोखिमों और बाहरी कारकों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है।

रजनी सिन्हा के अनुसार, कोर महंगाई अगस्त में बढ×कर 4.4 प्रतिशत हो गई, जो जुलाई में 4.2 प्रतिशत थी। हालांकि कीमती धातुओं को छोड×कर कोर महंगाई अपेक्षाकृत नियंत्रित रही और 3.3 प्रतिशत के स्तर पर बनी रही। मुख्य महंगाई दर में बढ़ोतरी का कारण चीनी, चावल, खाद्य तेल और प्याज जैसी कुछ सब्जियों की कीमतों में वृद्धि रही।

उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) द्वारा उद्धृत आंकड़ों के अनुसार, अगस्त 2026 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में सालाना आधार पर 4.82 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। खाद्य महंगाई जुलाई के 5.52 प्रतिशत से बढ×कर अगस्त में 5.66 प्रतिशत हो गई, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य महंगाई 6.13 प्रतिशत रही। प्रमुख खाद्य वस्तुओं में अदरक, प्याज और लहसुन की कीमतों में क्रमशः 73.82 प्रतिशत, 48.27 प्रतिशत और 43.60 प्रतिशत की तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि टमाटर और आलू की कीमतों में राहत देखने को मिली। अगस्त के दौरान टमाटर 31.09 प्रतिशत और आलू 13.14 प्रतिशत सस्ता हुआ।

सिन्हा ने कहा कि देर से आए मानसून के कारण प्याज की नई फसल की बुवाई प्रभावित हुई है, जिससे बाजार में नई फसल की आवक में देरी हुई और कीमतों पर दबाव बना। वहीं, गन्ने की अपेक्षा से कम पैदावार और एथेनॉल उत्पादन की ओर बढ़ते रुझान के कारण घरेलू उपलब्धता कम हुई है, जिससे चीनी की कीमतों पर असर पड़ा है।

खाद्य कीमतों में वृद्धि का असर खाद्य एवं पेय उद्योग की लागत पर भी पड़ रहा है। पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष राजीव जुनेजा ने कहा कि आवश्यक खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, रेस्तरां और अन्य संबंधित सेवाओं पर लागत का दबाव और बढ़ सकता है।

अगस्त में व्यक्तिगत देखभाल, सामाजिक सुरक्षा तथा विविध वस्तु एवं सेवा श्रेणी में भी महंगाई ऊंचे स्तर पर रही और यह 15.21 प्रतिशत दर्ज की गई। इसका मुख्य कारण सोना और चांदी की वैश्विक कीमतों में तेजी के चलते आभूषणों के दाम बढ्ना रहा। इस दौरान चांदी के आभूषणों की कीमतों में 107.11 प्रतिशत और सोना, हीरा एवं प्लैटिनम आभूषणों की कीमतों में 35.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

वहीं, पीएचडीसीसीआई के महासचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रणजीत मेहता ने कहा कि कीमती धातुओं की लगातार ऊंची कीमतें आगामी त्योहारी और शादी-ब्याह के सीजन के दौरान मांग को प्रभावित कर सकती हैं।

केयरएज रेटिंग्स का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-27 की तीसरी तिमाही में खुदरा महंगाई अपने उच्च स्तर पर पहुंच सकती है और पूरे वित्त वर्ष में इसका औसत लगभग 5 प्रतिशत रह सकता है। मौद्रिक नीति के संबंध में रजनी सिन्हा ने कहा कि आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति आगे भी आंकड़ों के आधार पर फैसले लेगी और उसके निर्णय महंगाई तथा आर्थिक वृद्धि की बदलती परिस्थितियों पर निर्भर करेंगे।

उन्होंने कहा, यदि महंगाई में लगातार बढ़ोतरी बनी रहती है तो आने वाले महीनों में ब्याज दरों में वृद्धि की संभावना मजबूत हो सकती है।

उन्होंने यह भी कहा कि अक्टूबर में होने वाली आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा पर बाजार की विशेष नजर रहेगी, क्योंकि दुनिया के कई प्रमुख केंद्रीय बैंक पहले ही सख्त मौद्रिक नीति की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं।

# रिलीज हुआ रामायण का पहला गाना, ए.आर. रहमान, अरिजीत, श्रेया की आवाज में गूंजा जय जय राम

मुंबई/एजेंसी

गणेश चतुर्थी पर रामायण के मेकर्स ने फैंस को तोहफा दिया है. मेकर्स ने रामायण का पहला गाना जय जय राम रिलीज किया है. यह गाना रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है. गाने में एआर रहमान, अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल की आवाज सुन फैंस खुश हो गए हैं.

ए.आर. रहमान द्वारा कंपोज़ किए गए, डॉ. कुमार विश्वास द्वारा लिखे गए. अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल द्वारा गाए गए जय जय राम गाने में आरती के आध्यात्मिक भाव और एक सिनेमाई गाने के इमोशन बेहतरीन संगम देखने को मिलता है. रामायण का यह पहला गाना भगवान राम के जीवन के कई अहम पलों को पर्दे पर दिखाता है, जिसमें सीता के साथ उनके विवाह से लेकर भरत के साथ उनके भावुक मिलन तक शामिल है. इसके बोल श्री राम की करुणा, सुरक्षा और धर्म के पालन को दर्शाते हैं. ऑस्कर जीतने वाले





म्यूज़िशियन ने बताया कि इस गाने का मकसद भगवान राम पर केंद्रित प्रार्थना की शुद्धता और आत्मीयता को बनाए रखना था. एक प्रेस नोट में एआर रहमान ने कहा, जय जय राम के केंद्र में श्री राम के नाम का सरल और प्रभावशाली दोहराव है. संगीत के नजरिए से मकसद एक प्रार्थना की शुद्धता और आत्मीयता को बनाए रखते हुए इसे एक सिनेमाई गाने का रूप देना था. अरिजीत सिंह और श्रेया घोषाल ने डॉ. कुमार विश्वास के शब्दों को अपने खास जज्बाती अंदाज में पेश किया है, और साथ ही गाने की मूल भावना यानी भक्ति को भी पूरी तरह से बनाए रखा है. मुझे उम्मीद है कि दर्शकों को इसमें शांति और एक निजी जुड़ाव, दोनों का अनुभव होगा. नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही रामायण में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे. नमित मल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज द्वारा आठ बार एकेडमी अवॉर्ड जीतने वाली कंपनी डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशन्स के साथ मिलकर यह फिल्म बनाई गई है. रामायण पार्ट वन 2026 की दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

# चेरी प्रिंट टैंक टॉप में रीवा अरोड़ा का बोल्ड अंदाज

## सिजलिंग अदाओं से इंटरनेट पर मचाया तहलका

एक्ट्रेस रीवा अरोड़ा एक बार फिर सोशल मीडिया पर अपने नए फैशन सेंस और ग्लैमरस अवतार को लेकर चर्चा में आ गई हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ नई तस्वीरें पोस्ट की हैं, जिसमें उनका कूल, ट्रेंडी और बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है।

तस्वीरों में रीवा ने रिब्ड फैब्रिक वाला व्हाइट कलर का टैंक टॉप पहना हुआ है, जिसके सेंटर में दो लाल चेरी बनी हुई है। उन्होंने इस टैंक टॉप को नीचे से थोड़ा ऊपर मोड×कर वेस्टलाइन को फ्लॉन्ट किया है, जो उनके लुक को बोल्ड टच दे रहा है।

टॉप के साथ रीवा ने लाइट शेड की लो-राइज वाइल्ड-लेग डेनिम जीन्स पेयर की है। लुक को और ज्यादा लग्जरी और क्लासी बनाने के लिए उन्होंने वेस्ट बैंड पर क्रिश्चियन डिओर की सिग्नेचर फैब्रिक बेल्ट कैरी की है।

अपने लुक को पूरा करने के लिए रीवा ने गोल्डन चेन के साथ पेंडेंट, स्टाइलिश गोल्ड रिस्ट वॉच, फिंगर रिंग्स और हाथों में मिनिमल ब्रेसलेट्स पहने हैं। उनके ईयररिंग्स भी काफी अट्रैक्टिव हैं, जो चेरी शेप के ही मैचिंग रेड-ऑरेंज ड्रॉप ईयररिंग्स हैं।

रीवा का मेकअप सॉफ्ट ग्लैम थीम पर बेस्ड है। उन्होंने अपनी आइब्रोज को डार्क और परफेक्टली शेप्ड रखा है। आंखों पर सॉफ्ट ब्राउन शिमरी आईशैडो और मस्कारा का इस्तेमाल किया गया है। गालों पर पीची-पिंक ब्लश और हाइलाइटर का परफेक्ट ग्लो दिख रहा है।

तस्वीरों में रीवा एक से बढ×कर सिजलिंग और बोल्ड अंदाज में पोज देती नजर आ रही हैं। वह अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं।

रीवा अरोड़ा की ये तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही वायरल हो गई हैं। फैंस कमेंट सेक्शन में दिल और फायर वाले इमोजी की बरसात कर रहे हैं। कोई उन्हें स्टनिंग कह रहा है तो कोई उनके फैशन सेंस को जेन-जी फैशन गोल बता रहा है।



## 'दायरा' को मिला 'ए' प्रमाणपत्र, बिना काट-छांट के पास हुई मेघना गुलजार की फिल्म

**मुंबई/एजेंसी।** मेघना गुलजार की आगामी फिल्म 'दायरा' का ट्रेलर जारी होने के बाद से ही यह दर्शकों के बीच चर्चा में बनी हुई है। अपराध-आधारित नाटक में करीना कपूर और मलयालम अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन पहली बार एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसे केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के पास प्रमाणन के लिए भेजा था, जहां से इसे हरी झंडी मिल गई है। खास बात यह है कि फिल्म में किसी भी दृश्य की काट-छांट नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने फिल्म के हिंसक दृश्यों और तीखे संवादों को बरकरार रखते हुए इसे बिना किसी बड़ी कटौती के प्रमाणित किया है। हालांकि, बोर्ड ने करीना कपूर के एक संवाद में करीब दो मिनट के हिस्से में उचित संशोधन करने का निर्देश दिया। इसी संवाद में एक शब्द को बदलकर 'मंत्री' किया गया है।




बताया जा रहा है कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने 11 सितंबर को फिल्म की प्रमाणन प्रक्रिया पूरी कर निर्माताओं को प्रमाणपत्र सौंप दिया। प्रमाणपत्र के अनुसार, 'दायरा' की अवधि 143 मिनट 16 सेकंड है। यानी फिल्म करीब 2 घंटे 23 मिनट 16 सेकंड लंबी होगी।

फिल्म को 'ए' प्रमाणपत्र दिया गया है। इसका अर्थ है कि फिल्म का प्रदर्शन केवल वयस्क दर्शकों के लिए किया जा सकता है। फिल्म में मौजूद हिंसक दृश्यों और गंभीर विषयवस्तु को देखते हुए इसे वयस्क दर्शकों के लिए प्रमाणित किया गया है।

'दायरा' का निर्देशन मेघना गुलजार ने किया है। फिल्म का निर्माण जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज के बैनर तले किया गया है। फिल्म की कहानी दो वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी भूमिका करीना कपूर और पृथ्वीराज सुकुमारन ने निभाई है।

दोनों अधिकारी एक विवादित मामले की जांच के दौरान आमने-सामने आ जाते हैं। मामला जैसे-जैसे आगे बढ़ता है, दोनों के बीच मतभेद और टकराव गहराता जाता है। फिल्म के ट्रेलर में अपराध, जांच, पुलिस व्यवस्था और दो अधिकारियों के बीच संघर्ष की झलक देखने को मिली है।

## बॉक्स ऑफिस पर मिर्जापुरः द मूवी और हनुमान अंश का जलवा बरकरार, हैवान का खस्ता हाल







मुंबई/एजेंसी

बॉक्स ऑफिस पर इस वक्त बॉलीवुड की कई फिल्मों ने कब्जा जमा रखा है। एक तरफ अली फजल की फिल्म मिर्जापुरः द मूवी दर्शकों के बीच खूब लोकप्रियता बटोर रही है। वहीं विशाल चतुर्वेदी की हनुमान अंश एक महीना पूरा करने के बावजूद छाई हुई है। हालांकि, अक्षय कुमार और सैफ अली खान अभिनीत हैवान को रिलीज के सिर्फ 3 दिन हुए और इन्हीं में इसका हाल बेहाल होता दिख रहा है। आइए जानते हैं इन फिल्मों का कलेक्शन।

सैकनिल्क के मुताबिक, अक्षय और सैफ अभिनीत हैवान 11 सितंबर को रिलीज हुई थी।

इसके तीसरे दिन (रविवार) महज 1.85 करोड़ रुपये कमाए, जबकि दूसरे दिन 2.50 करोड़ और पहले दिन 3 करोड़ रुपये कमाए थे।

इसका कुल नेट कलेक्शन 3 दिनों में सिर्फ 7.35 करोड़ रुपये हुआ है। दुनियाभर में भी फिल्म का असर कुछ खास नहीं है और यह अब तक 11.55 करोड़ रुपये कमा पाई है। इसका बजट 90 से 110 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। अली और पंकज त्रिपाठी अभिनीत मिर्जापुरः द मूवी ने 10वें दिन (रविवार) 13.25 करोड़ रुपये कमाए। इसका कुल कलेक्शन 184.70 करोड़ रुपये हो चुका है।

विश्व स्तर पर फिल्म ने अब तक 266.04 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है।

दिलचस्प बात यह है कि महज 2 करोड़ के बजट वाली हनुमान अंश ने 38वें दिन 22.50 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया है और सब पर भारी पड़ रही है।

इसका कुल कलेक्शन 214.63 करोड़ रुपये हो गया है।

## 'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' ने रचा इतिहास

### 24 दिन में 300 करोड़ कमाने वाली पहली मलयालम फिल्म




मुंबई/एजेंसी

अभिनेता निविन पॉली और मामिथा बैजू की फिल्म 'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' ने बॉक्स ऑफिस पर नया इतिहास रच दिया है। फिल्म ने रिलीज के महज 24 दिनों में दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर मलयालम सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब अपने नाम कर लिया है। दर्शकों से मिल रही जबरदस्त प्रतिक्रिया के चलते फिल्म लगातार सिनेमाघरों में मजबूत प्रदर्शन कर रही है।

'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' ने मलयालम सिनेमा में सबसे तेजी से 300 करोड़ रुपये की वैश्विक कमाई करने का रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहले 'लोका अध्याय 1: चंद्रा' ने 45 दिनों में दुनिया भर में 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था। वहीं, 'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' ने यह उपलब्धि महज 24 दिनों में हासिल कर नया रिकॉर्ड कायम कर दिया।

फिल्म की तेज रफ्तार कमाई ने मलयालम सिनेमा की व्यावसायिक क्षमता को एक बार फिर साबित किया है। खास बात यह है कि फिल्म को न केवल केरल, बल्कि देश के अन्य हिस्सों और विदेशों में भी दर्शकों का अच्छा समर्थन मिल रहा है।

'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' ने केरल में भी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली मलयालम फिल्म का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। फिल्म ने 'एल2: एम्पुरान' के रिकॉर्ड को महज 17 दिनों में पीछे छोड़ दिया। फिल्म की लगातार बढ़ती कमाई और दर्शकों के बीच लोकप्रियता को देखते हुए इसके आने वाले दिनों में और नए रिकॉर्ड बनाने की उम्मीद जताई जा रही है।

'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' की सफलता को इस साल मलयालम सिनेमा के लिए एक महत्वपूर्ण बदलाव के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। फिल्म ने कम समय में 300 करोड़ रुपये की कमाई कर न केवल नया व्यावसायिक मानक स्थापित किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि मजबूत कहानी और दर्शकों की पसंद के दम पर क्षेत्रीय भाषा की फिल्में वैश्विक स्तर पर बड़ी सफलता हासिल कर सकती हैं। निविन पॉली और मामिथा बैजू अभिनीत इस फिल्म की ऐतिहासिक कमाई ने मलयालम फिल्म उद्योग में उत्साह बढ़ा दिया है। आने वाले समय में फिल्म का अंतिम कारोबार कितना पहुंचता है, इस पर अब फिल्म कारोबार से जुड़े लोगों और दर्शकों की नजरें टिकी हैं।

# कानाखेड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य एवं सी.पी.आर. प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन

चमकता राजस्थान

रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर/ कानाखेड़ी (श्रीनगर)। डॉ. कुलदीप शर्मा सेवा संस्थान एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अजयमेरू, अजमेर तथा के. जी. स्टोन हॉस्पिटल, अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम कानाखेड़ी में निःशुल्क सामान्य रोग परामर्श, इटकजांच एवं सी.पी. आर. प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने वाली सी.पी.आर. तकनीक के प्रति जागरूकता एवं प्रशिक्षण प्रदान करना रहा।

शिविर का शुभारंभ मंजू रावत जी (प्रशासक), ग्राम पंचायत कानाखेड़ी के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि जयसिंह रावत, जितेन्द्र सिंह जी, जिया सिंह (मानपुरा), मंगल सिंह जी, अनिल जी, शंकर सिंह जी, महावीर सिंह जी सहित उपस्थित ग्रामवासियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

● **निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श**

शिविर में जनरल फिजिशियन द्वारा मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी




समस्याओं की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

● **सी.पी.आर. प्रशिक्षण रहा विशेष आकर्षण**

विशेष रूप से आयोजित सी.पी. आर. प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित लोगों को आपातकालीन स्थिति में सही समय पर प्राथमिक सहायता देने तथा जीवन बचाने की महत्वपूर्ण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। ग्रामीणों ने इस प्रशिक्षण को बड़े उत्साह एवं ध्यानपूर्वक सीखा।

● **65 मरीजों ने लिया निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ**

शिविर में कुल 65 मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाया। स्थानीय ग्रामीणों ने इस सामाजिक एवं स्वास्थ्यपरक पहल की सराहना करते हुए आयोजक संस्था एवं चिकित्सकीय टीम का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

संस्था की ओर से बताया गया कि भविष्य में भी इसी प्रकार के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं जनजागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के अधिक से अधिक लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

कानाखेड़ी ग्रामवासियों की ओर से डॉ. कुलदीप शर्मा सेवा संस्थान, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अजयमेरू एवं के. जी. स्टोन हॉस्पिटल, अजमेर की पूरी टीम का हार्दिक आभार एवं धन्यवाद।

## संक्षिप्त समाचार

### दौसा में दूसरे राज्य की पुलिस ने दबोचे हिट एंड रन के आरोपी, स्थानीय पुलिस को घंटों भनक तक नहीं



**चमकता राजस्थान** रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा। गुरुग्राम में लेडी बाइकर को कार से टक्कर मारकर फरार हुए हरियाणा निवासी दो आरोपियों को गुरुग्राम क्राइम ब्रांच ने दौसा से गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई दौसा सदर थाना क्षेत्र में हुई, लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि दूसरे राज्य की पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ लिए जाने के बावजूद स्थानीय पुलिस को कई घंटे तक इसकी जानकारी नहीं रही। मामला उस समय सामने आया, जब गुरुग्राम पुलिस दोनों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया के तहत आमद दर्ज कराने सदर थाने लेकर पहुंची।

जानकारी के अनुसार गुरुग्राम क्राइम ब्रांच ने आगरा रोड स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के भांडारेज इंटरचेंज के पास से कल्याण बैंसला और लवनीश गुर्जर को पकड़ा। दोनों वारदात के बाद दौसा पहुंचे थे और मेहंदीपुर बालाजी में ठहरे हुए थे। गुरुग्राम पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद सदर थाने लाई, जहां आमद दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद दोनों को गुरुग्राम ले जाया गया।

मीडिया के सवालों पर पुलिस बोली– 'जानकारी में नहीं है'

दूसरे राज्य की पुलिस द्वारा दौसा में आकर दो आरोपियों की गिरफ्तारी किए जाने के बावजूद स्थानीय पुलिस की जानकारी सामने नहीं आना सवालों के घेरे में है। मीडिया द्वारा जब अधिकारियों से मामले की जानकारी मांगी गई तो अधिकारियों की ओर से कहा गया कि 'जानकारी में नहीं है।'

ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर दूसरे राज्य की पुलिस सदर थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार कर ले गई और स्थानीय पुलिस को इसकी जानकारी क्यों नहीं हुई। यदि गुरुग्राम पुलिस आरोपियों को आमद दर्ज कराने सदर थाने नहीं लाती तो क्या दौसा पुलिस को इस कार्रवाई का पता चलता? इस पूरे घटनाक्रम ने स्थानीय पुलिस की सतर्कता और सूचना तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### अकलेरा सैटेलाइट अस्पताल बना रेफर सेंटर: भगवान भरोसे प्रसूताओं की जान, रात को ताले और नर्सों के हवाले अस्पताल

**चमकता राजस्थान** अकलेरा/ दिनेश शर्मा। चिकित्सा विभाग के तमाम दावों और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के बड़े-बड़े वादों की अकलेरा के सैटेलाइट अस्पताल में किस तरह धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, इसकी बानगी रोजाना देखने को मिल रही है। करोड़ों रुपए की लागत से बने इस सैटेलाइट अस्पताल की हालत अब केवल एक 'रेफर सेंटर' जैसी बनकर रह गई है, जहां गरीब और ग्रामीण इलाकों से आने वाली प्रसूताओं को समय पर इलाज मिलने के बजाय केवल बेबसी और निराशा हाथ लग रही है।

● **रात के अंधेरे में प्राइवेट अस्पतालों की चांदी**

अस्पताल में व्यवस्थाओं का आलम यह है कि सूरज ढलते ही अस्पताल पूरी तरह से भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। रात के समय प्रसव (डिलिवरी) के लिए आने वाली महिलाओं को महिला स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सीधे तौर पर निजी अस्पतालों का रास्ता दिखाया जा रहा है। आरोप है कि महिला स्वास्थ्य कर्मी तीमारदारों पर दबाव बनाती हैं कि वे प्रसूता को यहां से ले जाकर किसी प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराएं, जिससे गरीब मरीजों की जेब पर भारी आर्थिक डाका पड़ रहा है।

● **नर्सिंग स्टाफ के भरोसे प्रसूति वार्ड**

नियमों के अनुसार सैटेलाइट अस्पताल में प्रसव मामलों के लिए महिला रोग विशेषज्ञ (गाइनेकोलॉजिस्ट) और सीनियर डॉक्टरों की तैनाती होनी चाहिए, लेकिन हकीकत इसके उलट है। रात के समय अस्पताल में कोई भी महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मरीजों को देखने के लिए मौजूद नहीं रहती। प्रसव जैसी संवेदनशील और गंभीर प्रक्रिया भी पूरी तरह से केवल नर्सिंग कर्मचारियों के भरोसे संचालित हो रही है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता है।

# बिजोवा में संवत्सरी महापर्व पर गूंजा 'मिच्छामि दुक्कडम्', सामूहिक क्षमापना में उमड़ा श्रीसंघ

चमकता राजस्थान

ब्यूरो चीफ जेके बावल/ पाली। पर्युषण महापर्व के आठ दिनों से रानी क्षेत्र के बिजोवा गांव का माहौल धार्मिक एवं आध्यात्मिक भक्ति से सराबोर है। वार्ड 2 आयोजन समिति की ओर से दस दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मंगलवार को संवत्सरी महापर्व श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह साध्वी राजप्रज्ञाश्री म.सा. एवं साध्वी कैवल्यप्रज्ञा श्री म.सा. ने बारसा सूत्र का वाचन किया तथा इसके विभिन्न सूत्रों पर प्रवचन करते हुए संवत्सरी महापर्व के आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्व पर प्रकाश डाला।



साध्वी म.सा. ने कहा कि संवत्सरी आत्मावलोकन, प्रायश्चित और क्षमाभाव का पर्व है। वर्षभर में जाने-अनजाने हुई भूलों एवं अपराधों के लिए क्षमा मांगना और दूसरों को हृदय से क्षमा करना, सभी जीवों से मैत्री रखना तथा सभी के कल्याण की भावना रखना जैन धर्म की महान परंपरा है।

दोपहर में विधिकारक रितेश भाई मेहता के निर्देशन में प्रतिदिन की भांति धार्मिक पूजा-अर्चना का आयोजन हुआ। इसके बाद आयोजन समिति के सदस्यों एवं सकल श्रीसंघ ने सामूहिक रूप से प्रतिक्रमण किया। उपासरा हॉल में परंपरागत सामूहिक क्षमापना कार्यक्रम के साथ संवत्सरी महापर्व की आराधना संपन्न हुई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने एक-दूसरे से क्षमायाचना करते हुए 'मिच्छामि दुक्कडम्' कहकर परस्पर मैत्री, प्रेम एवं सद्भाव का संदेश दिया।

रात्रि में प्रतिदिन की तरह संगीतकार संजय राठौर एंड पार्टी, बीजापुर द्वारा भक्ति मय 'आत्म रंजन, आत्म दर्शन' कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## स्नात्र पूजन, शांति कलश व भव्य वरघोड़ा संपन्न ट्ट नन्हे आराधकों व पुजारी जी का सम्मान ट्ट पारणा महोत्सव एवं छीपाबड़ौद स्वामीवात्सल्य का आमंत्रण

## संवत्सरी पर भक्तिभाव से गूंजा जिनालय; कल्पसूत्र वाचनकर्ता श्री संदीप जी बरडिया का भव्य बहुमान

चमकता राजस्थान

छबड़ा। श्री जैन श्वेतांबर श्री संघ, छबड़ा (जिला बारां, राजस्थान) के तत्वावधान में जैन धर्म के सर्वोपरि महापर्व पर्यूषण के पावन आठवें दिवस पर संवत्सरी महापर्व अगाध श्रद्धा, आध्यात्मिक उल्लास एवं भव्यता के साथ संपन्न हुआ। प्रातःकाल से ही जिनालय प्रांगण में श्रावक-श्राविकाओं का तांता लगा रहा और वातावरण 'जय जिनेंद्र' तथा नवकार महामंत्र के मंगल घोष से गुंजायमान हो उठा।

* स्नात्र पूजन व शांति कलश अनुष्ठानः सर्वप्रथम सकल समाज बंधुओं द्वारा सामूहिक रूप से देवाधिदेव का पावन स्नात्र पूजन सविधि संपन्न कराया गया। इसके पश्चात विश्व शांति एवं प्राणिमात्र के कल्याण की मंगल भावना के साथ पवित्र शांति कलश की मांगलिक क्रिया श्रीमती अनीता जी एवं श्री दीपक जी बरडिया द्वारा संपन्न की गई।



* कल्पसूत्र वाचन व गौरवमयी बहुमानः कल्पसूत्र जी के सुमधुर एवं भावपूर्ण वाचन हेतु श्री संदीप जी बरडिया का समाज की ओर से भावभीना अभिनंदन किया गया। उन्हें श्री संघ द्वारा विशिष्ट अनुमोदना सम्मान पत्र, स्मृति प्रतीक चिन्ह एवं शॉल-दुपट्टा ओढ़ाकर सादर बहुमान किया गया। * बाल संस्कार व मंदिर पुजारी का सम्मानः प्रथम बार पर्यूषण पर्व आराधना में सम्मिलित होने वाले दो नन्हे बालकों यथर्व सिंघवी एवं जय श्री को तिलक लगाकर व दुपट्टा ओढ़ाकर विशेष बहुमान प्रदान किया गया। साथ ही मंदिर जी के पुजारी जी को नवीन वस्त्र भेंट कर एवं तिलक-दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# व्हाट्सऐप यूजर्स रहें सतर्क, राजस्थान पुलिस ने बताए 7 सुरक्षा उपाय

● **ओटीपी, फोटो, दस्तावेज और निजी चैट को सुरक्षित रखने के लिए टू-स्टेप वेरिफिकेशन व एन्क्रिप्टेड बैकअप जरूरी**

**चमकता राजस्थान** रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा। व्हाट्सऐप आज सिर्फ बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि निजी फोटो, दस्तावेज, ओटीपी और महत्वपूर्ण जानकारियों का भी जरिया बन चुका है। साइबर अपराधी अकाउंट पर अनधिकृत कब्जा कर ठगी, फर्जी पहचान और ब्लैकमेलिंग जैसी वारदातों को अंजाम दे सकते हैं। इसे देखते हुए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा आर4सी ने आमजन के लिए व्हाट्सऐप अकाउंट और चैट्स की सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी की है।

पुलिस ने बताया कि व्हाट्सऐप के मैसेज और कॉल डिफॉल्ट रूप से एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड होते हैं, लेकिन लापरवाही अथवा गलत सुरक्षा सेटिंग के कारण निजी डेटा जोखिम में पड़ सकता है।ऐसे में यूजर्स को सात प्रमुख सुरक्षा उपाय अपनाने चाहिए।

1. टू-स्टेप वेरिफिकेशन करें सक्रियः अकाउंट में 6 अंकों का पिन और रिकवरी ईमेल जरूर जोड़ें। रजिस्ट्रेशन कोड या पिन किसी से साझा न करें।
2. लिंक्ड डिवाइसेज जांचेंः समय-समय पर देखें कि अकाउंट किन डिवाइसेज से जुड़ा है। संदिग्ध या पुराने डिवाइस को तत्काल लॉग आउट करें।
3. संवेदनशील चैट लॉक करेंः महत्वपूर्ण चैट्स को चैट लॉक और बायोमेट्रिक सुरक्षा से सुरक्षित रखें।
4. प्राइवेसी सेटिंग नियंत्रित रखेंः प्रोफाइल फोटो, लास्ट सीन, ऑनलाइन और स्टेटस को जरूरत के अनुसार केवल कॉन्टैक्ट्स तक सीमित रखें।
5. चैट बैकअप सुरक्षित करेंः एंड-टू-एंड एन्क्रिप्टेड बैकअप को सक्रिय कर उसे पासवर्ड अथवा 64 अंकों की एन्क्रिप्शन की से सुरक्षित रखें।
6. एडवांस्ड चैट प्राइवेसी ऑन करेंः संवेदनशील चैट और ग्रुप में इस सुविधा को सक्रिय रखने की सलाह दी गई है।
7. अनजान कॉल और फर्जी ऐप से बचेंः साइलेंस अननोन कॉलर्स और प्रोटेक्ट आईपी एड्रेस इन कॉल्स जैसे सुरक्षा विकल्प सक्रिय रखें। साथ ही जीबी व्हाट्सऐप जैसे मॉडिफाइड या क्लोन ऐप का इस्तेमाल नहीं करें।

# नगरपालिका में बहुमत का गणित उलझा, वार्ड 11 बना सबसे अहम

**चमकता राजस्थान** भरत कुमार गांधी रानी। नगरपालिका चुनाव के नतीजों के बाद अध्यक्ष पद को लेकर राजनीतिक समीकरण तेजी से बदलते नजर आ रहे हैं। भाजपा के खाते में 7, कांग्रेस के 8 और निर्दलीय प्रत्याशियों के खाते में 5 सीटें आने के बाद किसी भी दल के लिए बहुमत का आंकड़ा आसान नहीं रह गया है। ऐसे में निर्दलीय पार्षद निर्णायक भूमिका में दिखाई दे रहे हैं। इन तमाम समीकरणों के बीच वार्ड नंबर 11 सबसे ज्यादा चर्चित और महत्वपूर्ण वार्ड बनकर उभरा है, जहां निर्दलीय प्रत्याशी शैलू अग्रवाल की जीत ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। शैलू अग्रवाल ने पार्टी से टिकट की दावेदारी की थी, लेकिन टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने निर्दलीय मैदान में उतरकर जीत हासिल की। उनकी जीत को इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि पूर्व पार्षद और क्षेत्र के दिग्गज नेता सुरेश अग्रवाल ने अपने राजनीतिक प्रभाव और व्यक्तिगत समर्थन के बल पर उन्हें चुनाव जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अब शैलू अग्रवाल को अपने खेमे में रखा है।

यही समीकरण अब दोनों प्रमुख दलों के लिए चिंता का विषय बनता दिखाई दे रहा है। यदि निर्दलीय पार्षद एकजुट होकर किसी एक पक्ष के साथ खड़े होते हैं, तो अध्यक्ष पद का पूरा गणित बदल सकता है।

सूत्रों के मुताबिक, हाईकमान स्तर से भी स्थानीय नेताओं पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे निर्दलीय पार्षदों को अपने पक्ष में लाने के लिए प्रयास तेज करें। वहीं दूसरी ओर निर्दलीय पार्षद भी अपने राजनीतिक भविष्य और वार्ड के हितों को देखते हुए हर कदम फूंक-फूंक कर रखने के मूड में हैं।

# भारत में सख्ती के बाद मेटा झुका, बाल यौन शोषण से जुड़े मामलों की जानकारी एजेंसियों को देगा

**नई दिल्ली/एजेंसी।** बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार की सख्ती के बीच फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा ने बाल यौन शोषण से जुड़े मामलों की रिपोर्ट कानून प्रवर्तन एजेंसियों को देने पर सहमति जताई है। सरकार की ओर से स्पष्ट किया गया है कि भारत में काम करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के लिए बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा एक बुनियादी जिम्मेदारी है और इससे किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जा सकता।

अधिकारियों के मुताबिक, सरकार हानिकारक सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के संपर्क में है। बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित बनाने की दिशा में शुरुआती कदम के तौर पर मेटा अब बाल सुरक्षा से जुड़े मामलों की रिपोर्ट कानून प्रवर्तन एजेंसियों को उपलब्ध कराएगा। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अभी और कदम उठाने की जरूरत है।

सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के साथ भी लगातार बातचीत कर रही है, ताकि बच्चों से संबंधित हानिकारक सामग्री की पहचान कर उसे जल्द हटाया जा सके। सरकार ने संकेत दिया है कि बच्चों की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम नहीं उठाने वाले प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब केंद्र सरकार डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की जवाबदेही तय करने पर लगातार जोर दे रही है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ऑनलाइन कंपनियां बच्चों को प्रभावित करने वाली हानिकारक सामग्री को रोकने के लिए पर्याप्त और प्रभावी कदम उठाएं।

# इटावा अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने चलाया 'व्यापारी जोड़ो' सदस्यता अभियान, पदाधिकारियों को सौंपी नई जिम्मेदारियां

चमकता राजस्थान

इटावा/मोहम्मद दिलशाद। सहयोग रिजवान समाचार विवरण उत्तर प्रदेश के जनपद इटावा में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल तथा उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में 'व्यापारी जोड़ो सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री संदीप बंसल जी के निर्देशानुसार पूरे भारतवर्ष और उत्तर प्रदेश में चलाए जा रहे व्यापक सदस्यता कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित हुआ इस कार्यक्रम का सफल संयोजन एवं नेतृत्व इटावा जिला अध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता, महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, महिला जिला महामंत्री वर्षा द्विवेदी तथा लाइन पार क्षेत्र के पदाधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में जनपद इटावा में पिछले दो माह से लगातार व्यापक सदस्यता अभियान और व्यापारी जोड़ाव कार्यक्रम चलाया जा रहा है लायन पार्क उदी मोड़ और बर्तना चौराहा जैसे प्रमुख स्थलों के बाद अब बर्तना क्षेत्र में भी इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है

संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि व्यापारी वर्ग की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु वर्ष 2018 में



संगठन की मांगों के परिणामस्वरूप एक महत्वपूर्ण पटल की स्थापना हुई थी इसके तहत हर माह पुलिस लाइन में व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की जाती है जिसमें बिजली विभाग नगरपालिका सहित तमाम सरकारी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहते हैं साथ ही, उद्योग बंधु की बैठकों और थाना स्तर पर आपसी लेनदेन व विवादों के निपटारे हेतु आयोजित बैठकों के माध्यम से भी व्यापारियों की समस्याओं का निदान कराया जा रहा है। हाल ही में लखनऊ में आयोजित संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में प्रदेश के वित्त मंत्री को 9 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया है इसमें प्रमुख रूप से पंजीकृत (GST) व्यापारियों के लिए 10 लाख तक के कैशलेस इलाज की सुविधा की मांग की गई है इसके अलावा, देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले पंजीकृत व्यापारियों को उनकी मृत्यु पर सैनिकों और फौजियों की भांति पूर्ण सम्मान दिए जाने की मांग भी शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखी गई है संगठन ने आम जनता और उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे ऑनलाइन खरीदारी के स्थान पर स्थानीय बाजारों में जाकर सामान खरीदें ऑनलाइन खरीद से गलत और घटिया उत्पाद मिलने का जोखिम रहता है, जबकि स्थानीय व्यापारी से खरीदारी करने पर उचित सम्मान डिस्काउंट सामान बदलने की सुविधा और त्वरित समाधान प्राप्त होता है। संगठन ने स्पष्ट किया कि वे भ्रष्टाचार और किसी भी प्रकार के गलत कार्यों के सख्त खिलाफ हैं और व्यापारी हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929